राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 08, पृष्ठ : 07, नई दिल्ली मंगलवार 25 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

गोपाल राय ने शाहदरा जिले में पुराने लोहे वाले पुल के पास स्थित बाढ़ राहत शिविरों का .... पेज 03

लखीमपुर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश, गोरखपुर विवि के वीसी और पुलिस के .... पेज 05

भारत एशियाई खेलों में करेगा श्रेष्ठ प्रदर्शन, सर्वाधिक पदक हासिल करेंगे : ठाकुर .... पेज 07

# एटीएस ने रोहिंग्या आपरेशन चला 74 को दबोचा

**एटीएस ने मथुरा से 31, अलीगढ़ से 17, गाजियाबाद से 4, हापुड़ से 13 और मेरठ-सहारनपुर से 2-2 रोहिंग्या को किया अरेस्ट**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में अवैध घुसपैठियों को लेकर काफी संजीदा हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री मंशा के अनुरूप यूपी पुलिस की विभिन्न विंग द्वारा समय समय पर अभियान भी चलाया जाता है। इसकी क्रम में उत्तर प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। पिछले कई दिनों से टीम इनकी फिराक में थी। वहीं यूपी एटीएस ने प्रदेश के अलग-अलग जिले से कुल 74 रोहिंग्या पकड़े हैं, जिसमें मथुरा से 31, अलीगढ़ से 17,



गाजियाबाद से 4, हापुड़ से 13, मेरठ-सहारनपुर से 2-2 रोहिंग्या अरेस्ट किये हैं। इसके अलावा हापुड़ से 2 पुरुष बाल अपचारी और 1 महिला बाल अपचारी को दबोचा है जबकि मेरठ से एक पुरुष बाल अपचारी और एक महिला बाल अपचारी को पकड़ा है। मथुरा में सुबह तड़के यूपी एटीएस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध रूप से जुग्गी झोपड़ियों में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने मथुरा पुलिस के साथ मिलकर थाना जैंत क्षेत्र में यहां रह रहे रोहिंग्या को दबोचा है। यूपी एटीएस और मथुरा पुलिस की करीब आठ घंटे तक चली इस कार्रवाई में 31 रोहिंग्या मुसलमान गिरफ्तार किये गए हैं। बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ कर चुके रोहिंग्या मुसलमानों पर योगी सरकार ने शिकंजा कसना शुरू के दिया है, जिसका एक बड़ा उदाहरण मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र में उस वक्त देखने को मिला जब यूपी एटीएस की टीम के साथ मथुरा पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और पीएससी की बटालियन ने सुबह तड़के ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कई रोहिंग्या मुसलमानों को हिरासत में लिया। ये मुसलमान सैकड़ों की तादाद में झुग्गियां बना कर लंबे समय से रह रहे थे। व्यस्कों से अधिक संख्या में बच्चे यहां देखने को मिले। मिली जानकारी के मुताबिक इन बच्चों को ट्रेंड करने के लिए एक मौलवी यहां इनको उर्दू के साथ-साथ तमाम तरह की तालीम दिया करता थे।

## आस्था



वाराणसी में 'सावन' महीने के दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में एक विदेशी भक्त।

# मणिपुर पर संसद में हंगामा, आप सांसद संजय सिंह सस्पेंड

**खड़गे का आरोप- विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश**




### संजय सिंह के सस्पेंशन का प्रस्ताव ध्वनि मत से पास हुआ

राज्यसभा में संजय सिंह सभापति के आसन के पास जाकर बहस कर रहे थे। धनखड़ ने उन्हें वापस अपनी सीट पर जाने के लिए कहा, लेकिन संजय नहीं गए। इसके बाद धनखड़ ने सरकार से संजय सिंह को सस्पेंड करने का प्रस्ताव लाने को कहा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल यह प्रस्ताव लेकर आए, जो ध्वनिमत से पास हो गया। संजय सिंह को सस्पेंड करने के बाद सभापति धनखड़ ने उनसे कहा कि आप सदन से बाहर चले जाइए, ताकि सदन की कार्यवाही जारी रखी जा सके।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद में मानसून सत्र के तीसरे दिन मणिपुर मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों को 25 जुलाई (मंगलवार) सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर सभापति जगदीप धनखड़ से बहस कर रहे,क्क सांसद संजय सिंह को पूरे मानसून सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर सभापति का आदेश न मानने का आरोप है। सस्पेंड करने के बाद उन्हें बाहर जाने को भी कहा गया। विपक्षी सांसदों ने इस कार्रवाई का विरोध किया है।

संजय सिंह के निलंबन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- ये पहली बार नहीं है कि कोई विरोध जता रहा है। सभी लोग संसद में विरोध करते हैं। लोकतंत्र में बोलने की आजादी है, बोलने के लिए जो संसद आता है उसे मौका मिलना चाहिए। आज सरकार की मंशा है कि किसी ना किसी तरीके से आवाज को बंद किया जाए। पिछली बार भी उन्होंने ऐसा ही किया था।

संजय सिंह ने सदन से बाहर आकर कहा- देश के प्रधानमंत्री सदन में आकर मणिपुर की हिंसा पर जवाब क्यों नहीं दे रहे। एक आर्मी के योद्धा की पत्नी के कपड़े उतारकर परेड कराई गई, ये शर्मनाक है। भारत की सेना और भारत के 140 करोड़ लोगों का सिर शर्म से झुक गया है। प्रधानमंत्री सदन में आकर जवाब नहीं दे रहे।

इसी के कारण मैंने आज 267 का नोटिस दिया था। पहले 15 मिनट तक मैं चेयर (आसंदी) से अनुरोध करता रहा कि मुझे 267 के तहत बोलने का मौका दिया जाए। जब उन्होंने मौका नहीं दिया तो मैंने चेयर के पास जाकर अनुरोध किया कि मणिपुर पर चर्चा कराइए। एक सरकार मणिपुर पर बात करने के लिए तैयार नहीं है।

हमारा विरोध जारी रहेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मैं अपना धरना जारी रखूंगा। हमने सभी पॉलिटिकल पार्टियों से कहा है कि इस आंदोलन में शामिल हों।

उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है- मैं सदन में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हूं। मुझे नहीं पता कि वो (विपक्ष) यह चर्चा क्यों नहीं होने दे रहे। मेरा आग्रह है कि विपक्ष चर्चा होने दे, ताकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश के सामने सच्चाई पहुंचे।

## जम्मू के पुराने शहर में रहस्यमय विस्फोट

जम्मू। जम्मू के पुराने शहर इलाके में सोमवार को एक रहस्यमय विस्फोट की घटना सामने आयी है। पुलिस ने आज यहां बताया कि विस्फोट कथित तौर पर कच्ची छावनी इलाके में एक राजनीतिक नेता के आवास के बाहर हुआ। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कोहली ने हालांकि एक बयान में कहा, जम्मू में एक घटना सामने आई है जिसमें कथित तौर पर कच्ची छावनी इलाके से विस्फोट जैसी आवाज सुनी गई।

# गुजरात के जूनागढ़ में दो मंजिला इमारत गिरी, 4 की मौत, 2 घायल

**जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां कड़ियावल इलाके में एक इमारत ढह गई। मलबे में 6 लोग दब गए थे, जिनमें से एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत हो गई। इनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं।

यह इमारत सब्जी मंडी के पास थी और इसके नीचे दुकानें भी थीं। हादसे के



वक्त लोग नीचे एक दुकान में सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान इमारत ढह गई।

### काफी पुरानी थी इमारत

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार कि यह इमारत काफी पुरानी थी। निगम ने इसमें रहने वाले लोगों को नोटिस भी दिया था। शनिवार को शहर में आई बाढ़ के चलते इसकी नींव और कमजोर हो गई थी। इसी के चलते आज इमारत ढह गई।

# दिल्ली में लगातार बढ़ रहा यमुना का जलस्तर

**सोमवार को नदी का जलस्तर 206.56 मीटर तक पहुंच गया**

नई दिल्ली। दिल्ली में एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। यमुना एक बार फिर खतरे के निशान (205.33 मीटर) से ऊपर आ गई है। सोमवार सुबह 7 बजे नदी का जलस्तर 206.56 मीटर तक पहुंच गया।

पुराने रेलवे पुल के पास शाम पांच बजे यमुना का जलस्तर कुछ कम होकर 206.30 मीटर तक आ गया।

महाराष्ट्र के पुणे मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर आडोशी गांव के पास मुंबई लाइन पर चट्टान खिसकने की घटना की वजह से मलबा जमा हो गया, जिसे



डंपर और जेसीबी की मदद से हटाया गया।

राज्य के पालघर में एक 48 साल का शख्स नदी में बह गया। हादसा रविवार शाम 6:30 बजे हुआ, जब यह शख्स सांबा जिले में कोल्हा नदी को पार कर रहा था।

दिल्ली-एनसीआर के आसपास के इलाकों में बारिश से हिंडन समेत दूसरी नदियां भी उफान पर हैं। ऐसे में दिल्ली के अलावा, नोएडा व गाजियाबाद की स्थिति भी गंभीर है। यहां रिहायशी इलाकों में पानी आ गया है।

वहीं, आईटीओ बैराज के 3 गेट दस दिन बाद भी नहीं खोले जा सके हैं। इन्हें खोलने के लिए 13 जुलाई से कोशिश हो रही है। हिमाचल व उत्तराखंड में लगातार भारी बारिश, हथिनीकुंड बैराज से अधिक मात्रा में छोड़े जा रहे पानी और दिल्ली में कुछ दिनों से हो रही हल्की-मध्यम बारिश के कारण एक बार फिर यमुना उफान पर है।

# मणिपुर मुद्दे पर हंगामें के कारण लोकसभा में तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई काम

नयी दिल्ली। लोकसभा में मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सत्र के तीसरे दिन सोमवार को भी कोई कामकाज नहीं हुआ और तीन बार के स्थगन के बाद अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

लोकसभा की कार्यवाही चौथी बार ढाई बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही शुरु की विपक्षी सदस्य पहले की तरह आसन के सामने आ गये और हंगामा तथा नारेबाजी करने लगे। हंगामा कर रहे सदस्य होथों में तख्तियां थीं। अध्यक्ष ने सदस्यों से हंगामा नहीं करने का आग्रह किया और कहा कि सदस्य दो-तीन दिन से लगातार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की बात कर रहे हैं इसलिए इस मुद्दे पर गृहमंत्री सदन में



बात रखेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा मेरा विपक्ष के सभी सदस्यों से आग्रह है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य इस अत्यंत संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। मैं सदन में चर्चा के लिए तैयार हूं। मालूम नहीं विपक्ष चर्चा क्यों नहीं चाहता है जबकि देश इस पर चर्चा चाहता है। विपक्षी सदस्यों से मेरा आग्रह है कि इस मुद्दे पर चर्चा हो ताकि देश के सामने स्पष्ट संदेश जाए। गृहमंत्री के बयान के बीच भी जब विपक्षी सदस्य नारेबाजी और टोकाटोकी करते रहे। अध्यक्ष बिरला ने कहा गृहमंत्री का बयान होने दिया जाए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है। हमेशा ऐसे मुद्दों पर संबद्ध विभाग का मंत्री पहले बयान देते हैं लेकिन विपक्ष यहां नयी परंपरा शुरु करना चाहता है जो ठीक नहीं है। सरकार चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा नहीं चाहता है। हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले भोजनावकाश के बाद दो बजे जैसे ही पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल को सदन की कार्यवाही शुरु की तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया जिसके कारण उन्हें आधा घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

# मणिपुर पुलिस ने वायरल वीडियो मामले में 14 और लोगों की पहचान की

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को कहा कि दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के वीडियो से 14 लोगों की पहचान की गई है, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कांगपोकपी जिले में चार मई को हुई घटना के वायरल वीडियो के मामले में पुलिस पहले ही छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### महिलाओं का किया गया यौन उत्पीड़न

आरोप है कि दोनों महिलाओं को भीड़ द्वारा मुक्त करने से पहले उनका यौन उत्पीड़न किया गया था। घटना का 26 सेकेंड का वीडियो 19 जुलाई को सामने आया था।

वीडियो में दिख रही महिलाओं में से एक पूर्व-सैन्यकर्मी की पत्नी हैं, जो असम रेजिमेंट में सूबेदार के रूप में



कार्यरत थे और कारगिल युद्ध में भी लड़े थे। वीडियो के संबंध में एक शिकायत लगभग एक महीने पहले 21 जून को कांगपोकपी जिले के सैकुल पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी।

### तीन मई से भड़की हिंसा

तीन मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई घायल हुए हैं।

हिंसा तब भड़की, जब मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) की स्थिति की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

### मणिपुर में फेक न्यूज और अफवाहों ने हिंसा को भड़काया

मणिपुर में स्थिति की निगरानी कर रहे विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों का मानना है कि इस पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा फैलाने में अफवाह और फेक न्यूज ने बड़ी भूमिका निभाई, जिससे हालात बद से बदतर हो गए हैं।

### मणिपुर में 7 कुकी महिलाओं से रेप, संगठनों का दावा; सीएम बिरेन सिंह बोले- सिर्फ एक केस



मणिपुर में हिंसा को तीन महीने बीतने वाले हैं लेकिन अब भी हमले थम नहीं रहे हैं। बीते सप्ताह कुकी समुदाय की महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने का वीडियो सामने आने के बाद पूरे देश में रोष है। इसके बाद से कई यौन उत्पीड़न के मामले प्रकाश में आए हैं। कई संगठनों का कहना है कि मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद अब तक सात कुकी महिलाओं के साथ रेप किया गया है। वहीं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह इस बात को मानने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि रेप का केवल एक मामला ही सामने आया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में प्रताड़ित की जा रही दो महिलाओं में से एक के साथ रेप हुआ था। बिरेन सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा कि 6068 एफआईआर दर्ज हुई हैं जिनमें रेप के केवल एक मामला दर्ज हुआ है। इसके अलावा दंगे भड़काने, उपद्रव और हत्या के केस दर्ज हुए हैं।

चार मई को कांगपोकपी जिले में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला भी अफवाह और झूठी खबर का ही नतीजा था।

## हादसा

**4 घंटे पानी में पड़ी रही कार, दरवाजे नहीं खुले, कार के अंदर तड़पकर दम तोड़ा**

# नहर में गिरी कार, पति-पत्नी समेत 5 लोगो की मौत

एटा। एटा में बड़ा हादसा हो गया है। यहां स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर काली नदी में गिर गई। हादसे में कार ड्राइवर समेत परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। कार रात 12 से 1 बजे के बीच नदी में गिरी। सुबह 5 बजे लोगों को इसकी जानकारी हुई। 4 घंटे तक कार नदी में पड़ी रही। आशंका है कि नदी में गिरने के साथ ही कार के दरवाजे लॉक हो गए।

ऐसे में अंदर सवार लोग बाहर नहीं निकल पाए और पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई। सुबह जब पुलिस ने कार को नदी से बाहर निकाला तो पांचों की लाशें कार की सीट पर मिली। सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। मृतकों में पति, पत्नी, उनकी चाचा-चाची और एक दोस्त शामिल है।

### सभी कासगंज के रहने वाले

कासगंज के गंजडुंडवारा गांव निवासी विनीता (28) पति नीरज को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर नीरज ने अपने दोस्त शिवम से कार लेकर आने को कहा। शिवम अपनी कार लेकर नीरज के घर पहुंचा। रात करीब 12 बजे विनीता, उसके पति नीरज (30), चचिया ससुर तेजेंद्र (60) और चचिया सास संतोष (58) कार से



एटा मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हुए। कार को शिवम (25) चला रहा था।

कुछ देर बाद नीरज के भाई ने उसे फोन किया तो मोबाइल बंद था। एक-एक कर सभी को फोन लगाया तो सभी फोन बंद आ रहे थे। सभी के फोन बंद होने पर भाई को अनहोनी का शक होने लगा। परिवार के अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी गई। गांव के लोग उनकी तलाश में जुट गए। आसपास की सभी सड़कों पर तलाश करते रहे।

रात को थाना अमांपुर को सूचना दी गई। लेकिन कार का कहीं पता नहीं चला सका। सुबह 5 बजे स्थानीय लोगों को मुहारा घाट के पास काली नदी में कार गिरी नजर आई। पास जाकर देखा तो पांचों लोगों की मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव और कार को क्रेन से बाहर निकाला। मृतक नीरज के रिश्तेदार सतीश ने बताया कि रात 11-12 बजे के बीच नीरज की पत्नी विनीता को दिखाने के लिए हॉस्पिटल निकले थे। रास्ते में रात 12 बजे के लगभग इनकी कार डिवाइडर से टकराकर नहर में गिर गई। रात भर किसी का फोन नहीं लगा। क्योंकि सभी लोग डूब चुके थे।

### कार और शव को क्रेन से निकाला

एटा के अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने बताया कि हादसे में ड्राइवर सहित 5 लोगों की मौत हो गई है। कार और शव को क्रेन से नहर से निकाला गया। गाड़ी की रफ्तार तेज रही होगी। जिस जगह हादसा हुआ है। वहां मोड़ है।

# मेघालय मुख्यमंत्री के ऑफिस पर भीड़ का हमला, 5 सुरक्षाकर्मी घायल

**तुरा।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के कार्यालय पर भीड़ ने सोमवार शाम को हमला कर दिया, जिसमें 5 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सीएम संगमा सुरक्षित हैं। वह अभी भी तुरा में स्थित अपने कार्यालय के अंदर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सैकड़ों लोगों ने उनकी ऑफिस को घेर लिया है। दरअसल, गारो हिल्स स्थित सिविल सोसाइटी ग्रुप तुरा में शीतकालीन राजधानी की मांग कर रहा है। इसे लेकर लोग भूख हड़ताल पर भी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री तुरा स्थित सीएमओ में 3 घंटे से अधिक समय तक आंदोलनकारी संगठनों के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान



अचानक हजारों की भीड़ सीएमओ के पास आई और पथराव करने लगी। सीएमओ तुरा की खिड़कियों पर भी पत्थर फेंके गए हैं। पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई शुरू की गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। इस पूरे घटनाक्रम और हंगामे में 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि भीड़ ने गेट तोड़ने की भी कोशिश की। इस बीच, सीएम कॉनराड संगमा ने खुद हिंसा में घायल सुरक्षाकर्मियों का हालचाल लिया है। वह पूरी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। सीएम संगमा के घायल सुरक्षाकर्मियों से बातचीत के वक्त की तस्वीर मीडिया में सामने आई है। फोटो में देखा जा सकता है कि घायल सुरक्षाकर्मी फर्श पर बैठे हुए हैं। मुख्यमंत्री संगमा उनका हालचाल पूछते नजर आ रहे हैं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर भीड़ में से कितने लोग घायल हुए हैं, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

## 'नहीं सहेगा राजस्थान' बन चुका है जन-जन की आवाज: जोशी

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा द्वारा शुरू किया गया नहीं सहेगा राजस्थान अभियान अब जन-जन की आवाज बन चुका है। श्री जोशी रविवार को यहां अभियान के तहत संभागीय बैठक को संबोधित करने के बाद प्रेसवार्ता में यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में दलित, आदिवासी, महिला अत्याचार एवं तुष्टिकरण चरम पर है।





## शार्ट न्यूज

### बाघ की खाल मामले में एसटीएफ को महत्वपूर्ण सफलता, शिकारी भी गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड पुलिस और वन महकमे को बाघ की खाल प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और वन विभाग की टीम ने बाघ के शिकार करने वाले शातिर शिकारी को भी गिरफ्तार कर लिया है। तराई पूर्वी वन विभाग और कुमाऊं एसटीएफ की टीम ने दो दिन पहले शनिवार को खटीमा में बाघ की खाल और 15 किग्रा हड्डियों के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने खुलासा किया कि वह बरामद खाल और हड्डियों को काशीपुर से खरीद कर लाये हैं। आरोपियों ने यह भी बताया कि बाघ का शिकार उसी ने किया है। इसके बाद एसटीएफ और वन महकमे की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिये काशीपुर में जाल बिछा दिया। आखिरकार आरोपी अुर्जन सिंह निवासी नेहरू कालोनी, देहरादून को काशीपुर मंडी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। एसटीएफ को जांच में पता चला कि आरोपी ने दो माह पहले बिजनौर के बड़ापुर रेंज के जगंल में जहर देकर बाघ का शिकार किया था। साथ ही खाल और हड्डियों को निकाल कर छिपा लिया था।

### श्रीनगर पुलिस ने चाकू घोंपने के आरोप में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर के प्रदर्शनी मैदान में दो युवकों को कथित तौर पर चाकू घोंपने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार रात एक ट्वीट में कहा कि आरोपियों की पहचान श्रीनगर के सरियाबाला इलाके के रहने वाले हम्माद खान, बज़िल खान और माजिद खान के रूप में की गई है। इनको प्रदर्शनी मैदान में दो युवकों को चाकू घोंपने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि अपराध में इस्तेमाल किए गए तीन चाकू भी बरामद किए गए। पुलिस थाना शेरगारी में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पिछले कुछ सालों में श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में चाकूबाजी की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। श्रीनगर के विभिन्न इलाकों से चाकूबाजी के 12 से अधिक मामले सामने आए। श्रीनगर के कई इलाकों में हाल ही में हुई चाकूबाजी की घटनाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 21 जुलाई को सार्वजनिक स्थानों पर तेज धार वाले हथियारों की बिक्री, खरीद और अपने साथ ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### मणिपुर घटनाओं को लेकर किसान, मजदूर और कर्मचारी 25 जुलाई को करेंगे प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन और सीटू ने मणिपुर के हालात तथा वहां दो महिलाओं के साथ हुई बर्बरता पर गहरी चिंता का व्यक्त करते हुये 25 जुलाई को देशभर में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इन प्रदर्शनों में देशभर के सरकारी कर्मचारी भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वहीं सीटू की हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुरेखा, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, खेत मजदूर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जगमाल सिंह और समेत इन संगठनों ने अन्य नेताओं ने कहा कि गत दो माह से मणिपुर भयंकर बर्बादी के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने दावा किया कि वहां हिंसक घटनाओं में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है तथा हजारों की संख्या में बेघर होकर शरणार्थी हो गए हैं। हाल में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने जैसी घटनाओं से देश की तमाम महिलायें और आम जनता में आक्रोश है।

### कार नदी में गिरी, दंपति की मौत, बेटा गंभीर

**उमरिया।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र स्थित जोहिला नदी के पुल से एक कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिर गयी, जिससे कार सवार शहडोल जिला निवासी एक व्यापारी दंपति की मौत हो गयी और उनका छह वर्ष का एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जबलपुर ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहडोल जिला निवासी व्यापारी अर्पित अग्रवाल (35) अपने पत्नी स्वाति अग्रवाल और बेटा विहान अग्रवाल के साथ कल रात जबलपुर से वापस लौट रहे थे। तभी जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में स्थित जोहिला नदी में बने पुल पर कार अनियंत्रित होकर रैलिंग तोड़ते हुए नदी में गिर गयी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अर्पित, उसकी पत्नी स्वाति और बेटे विहान को जिला अस्पताल लाया गया, जहां पति-पत्नी ने इलाज के दौरान दमतोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल विहान को जिला अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### जानलेवा हमला का आरोपी सूदखोर गिरफ्तार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में उधार की रकम समय पर नहीं लौटाने से कुपित होकर एक सूदखोर ने तीर धनुष से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर आज उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के ग्राम पंचायत कुंजारा का एक सूदखोर अजय साय ने मोबाइल फोन गिरवी रखकर दो हजार पांच सौ रुपए की रकम उधार दी थी। उधारी की रकम वापस मांगने पर दोनों में बहस छिड़ गई। यह विवाद इतना बढ़ गया कि सूदखोर युवक ने दूसरे युवक पर तीर धनुष से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में एक तीर पीड़ित युवक की जांघ में जा लगी। तीर धनुष के हमले से बेहोश युवक रामरतन को उपचार के लिये उसके परिजनों ने कुनकुरी चिकित्सालय में भर्ती कराया। इस मामले में कुनकुरी थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास करने का अपराध दर्ज किया है। कुनकुरी पुलिस की टीम ने फरार आरोपी अजय साय के जामचुआ गांव में होने की सूचना के बाद घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### कार ने हैड कॉन्स्टेबल को मारी टक्कर, मौत

**जयपुर।** जयपुर में देर रात एक कार ने हैड कॉन्स्टेबल को टक्कर मार दी। इससे ज्योति नगर थाने के हैड कॉन्स्टेबल गणपत लाल यादव की दर्दनाक मौत हो गई। घटना गजसिंहपुरा के पास कुम्हारों का मोहल्ला के पास सुनसान रास्ते की है। हादसे के बाद गणपत बेहोश हो गया था। वहीं, चालक मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने गणपत लाल को बदरवास के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। दुर्घटना थाने के एएसआई हरि नारायण ने बताया- रात को करीब 10.30 बजे ज्योति नगर थाने से ड्यूटी खत्म होने पर गणपत लाल यादव अपने घर पत्रकार कॉलोनी की ओर जा रहा था। इस दौरान पीछे से एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पर सोमवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम किया गया।

### भीड़ ने पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर खदेड़ा

**मोतिहारी।** मोतिहारी में पुलिस टीम पर हमला हुआ है। रविवार की शाम टीम शराब तस्कर को पकड़ने गई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने टीम पर हमला कर दिया। पुलिस को दौड़ा-दौड़ा कर भगाया गया। सोमवार को इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गांव के लोग पुलिस को खदेड़ रहे हैं। इसमें महिला सिपाही भी शामिल हैं। मामला पिपरा थाने के शरीयत पुर गांव का है। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस टीम सड़क पर भाग रही है। पीछे से ग्रामीण झुंड में उनके पीछे लगे हैं। वहीं, कुछ देर बाद इसके जवाब में दूसरी बार पुलिस की टीम ज्यादा फोर्स के साथ गांव में पहुंची। पुलिस पर हमला करने वालों की जमकर पिटाई की। रविवार की रात से लेकर सोमवार की सुबह तक पुलिस ने 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एएसआई सूर्य देव प्रसाद गश्ती गाड़ी लेकर सेमरा बाजार से शरियतपुर जा रहे थे। इसी बीच प्रभु हाई स्कूल के पास शराब तस्कर उदय अपने तीन साथियों के साथ खड़ा था। पुलिस ने उसे देखा तो पकड़ने के लिए गाड़ी से उतरी।

# केरल में भारी बारिश, दो बच्चों की मौत

### भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तरी मालाबार जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया

कन्नूर। केरल में तीन जिलों कन्नूर, कोझिकोड और वायनाड जिला कलेक्टरों ने रविवार से हो रही भारी बारिश के मद्देनजर सोमवार को कॉलेजों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टियों की घोषणा की है। भारी बारिश के कारण सेप्टिक टेंक में गिरने से दो सहोदर भाई-बहन की मौत हो गयी है।



कोझिकोड जिले के थमारसेरी के पास कोरंगड में कल दो सहोदर भाई-बहन मुहम्मद अदी (13) और मुहम्मद अशीर (7), टयूशन से लौटते समय एक निर्माणाधीन घर के सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गयी। जब माता-पिता को ट्यूशन के समय के बाद बच्चे आते नहीं दिखे तो उन्होंने बच्चों को ढूढ़ना शुरू किया और उन्हें बच्चों के शव सेप्टिक टैंक में मिले। वे उनको लेकर कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज उत्तरी मालाबार जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में 27 जुलाई तक भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

रविवार से पूरे उत्तरी केरल में बारिश के कारण जलभराव और तेज़ हवाएँ चल रही हैं और उत्तरी मालाबार के कई स्थानों पर घरों और सड़कों पर बड़ी संख्या में पेड़ गिरने की रिपोर्ट भी सामने आ रही हैं। अग्निशमन बल, पुलिस और केएसईबी कर्मी आज कोझिकोड के नेदुम्पॉयिल सहित विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ों के गिरने से वाहनों की आवाजाही में रूकावट पैदा होने पर सड़कों पर गिरे हुए पेड़ों को हटाने में लगे हुए हैं।

आईएमडी के अनुसार अगले दो दिनों में नौ जिलों इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में भारी बारिश हो सकती है।

### सारण में नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में आर्केस्ट्रा की नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की रात आर्केस्ट्रा की नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित नर्तकी ने पुलिस के समक्ष दिए गए बयान में कहा है कि वह उत्तरप्रदेश के गोंडा जिले की रहने वाली है। वह सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के एक आर्केस्ट्रा में वह काम करतीं हैं। रविवार को आर्केस्ट्रा की संचालिका ने उसे कहीं किसी के साथ भेजा था, जहां उसके साथ सामहिक दुष्कर्म किया गया। इसके बाद वह किसी तरह अपने रहने वाली जगह पर पहुंची और मामले की जानकारी अपने अन्य साथियों को दी। सूत्रों ने बताया कि नर्तकी के साथियों के उसे उपचार के लिये मढ़ौरा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद नर्तकी को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। पुलिस पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## राजस्थान विधानसभा में हंगामा एवं हाथापाई की नौबत

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में सोमवार को लाल डायरी को लेकर जोरदार हंगामा हुआ और हाथापाई की नौबत आ गई। इस कारण सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

शून्यकाल में विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी ने स्थगन प्रस्ताव के तहत बोलने के लिए विधायक नारायण बेनीवाल का नाम पुकारने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य खड़े हो गए और हाथ में लाल डायरी लिए हुए वेल में आ गये और जोरदार नारेबाजी करने लगे इससे सदन में हंगामा हुआ।

इस दौरान मंत्रिमंडल से बर्खास्त राजेंद्र गुढ़ा भी हाथ में लाल डायरी लेकर अध्यक्ष के सामने पहुंच गये और लाल डायरी पर सदन में बोलने अनुमति मांगने लगे। इस पर डा जोशी ने अनुमति देने से मना कर दिया और अपनी जगह पर जाने के लिए कहा लेकिन गुढ़ा नहीं माने और बोलते रहे। अध्यक्ष ने कहा कि आप मेरे चैम्बर आकर बात कर सकते हैं लेकिन गुढ़ा आसन के सामने खड़े रहे और बोलते रहे। बाद में गुढ़ा संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल की तरफ गये उनके



सामने पड़े एक कागज को उठाने का प्रयास किया । इस दौरान विधायक रफीक खान बीच में आ गए और गुढ़ा को धारीवाल के सामने से दूर करने का प्रयास किया। इस बीच वेल में खड़े विपक्ष के सदस्य और पक्ष के सदस्य आमने सामने हो गये और हाथापाई की नौबत आ गई। बाद सदस्यों ने बीच बचाव करते हुए एक दूसरे को अलग किया। जोरदार हंगामें के कारण अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। स्थगन के बाद सुरक्षाकर्मी गुढ़ा को सदन के बाहर ले गए। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने हंगामें बीच कहा कि लाल डायरी का रहस्य क्या है इस बारे में सरकार को बताना चाहिए।

उधर सदन के बाहर भी राठौड़ ने मीडिया से कहा कि जब तक लाल डायरी पर सरकार का वक्तव्य नहीं आ जाता है वे सदन नहीं चलने देंगे।

## अरुणाचल में तस्कर गिरफ्तार, 48.30 ग्राम हेरोइन जब्त

एजेंसी

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके किराये के अपार्टमेंट से 48.30 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

निचले सुबनसिरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) केनी बागरा ने बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर एसडीपीओ ओजिंग लेगो के नेतृत्व में उनकी टीम ने एक अभियान चलाया, जिसमें रेजाउल इस्लाम (25) को एसएसबी गेट पर नशीले पदार्थ की तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान इस्लाम ने बताया कि वह पिछले सप्ताह से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था और ट्रेजरी डाउन के पास उसके किराये के अपार्टमेंट में उसकी आपूर्ति होती है। इसके बाद, पुलिस ने उसके किराये के अपार्टमेंट की तलाशी ली और जहां से 28 प्लास्टिक की शीशियां जब्त कीं, जिनमें 48.30 ग्राम संदिग्ध हेरोइन भरी थी। इसके अलावा पुलिस को वहां से दो मोबाइल फोन और 3400 रुपये नकद मिले।

## भाजपा सरकार किसान व गांव विरोधी है : चौटाला

सिरसा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान व गांव की विरोधी हैं यही वजह है कि आज घग्घर नदी व रंगोली नाले में आई बाढ़ के बाद किसानों व ग्रामीणों को संसाधन जुटाने की बजाय इनके नाम पर शासन व प्रशासन के लोग बिल बनाने में जुटे हुए हैं।

चौटाला ने आरोप लगाया कि अगर समय रहते सरकार बाढ़ के प्रबंध करती तो आज प्रदेश के किसानों की लाखों एकड़ खड़ी फसल बर्बाद नहीं होती। उन्होंने सोमवार को गांव पनिहारी में बाढ़ प्रभावित लोगों से



मुलाकात की।

इस दौरान गांव के पूर्व सरपंच रामचंद्र ,नंबरदार गुरचरण दास ओम प्रकाश जाखड़, व दिनेश ढाका ने बाढ़ प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग न करने की बात कही और बताया कि जिला प्रशासन ने नियम कायदों को ताक पर रखकर सिरसा बरनाला रोड पर जल निकासी के लिए बने साइफन रोक दिए जिससे जहां मुसहिबवाला, पनिहारी, नेजाडेला व बुर्ज करमगढ़ के खेतों में खड़ी फसल तबाह हो गई।

वहीं कर्मगढ में मकानों तक में पानी घुस गया। ग्रामीणों ने श्री चौटाला को बताया कि उनके खेतों में लाखों रुपए की लागत से लगाए ट्यूबवेलों व मवेशियों के लिए साल भर की भंडारण की हुई तूड़ी, भूसा भी पानी की भेंट चढ़ गई जिससे आप साल भर तक मवेशियों को पालना मुश्किल हो जाएगा

चौटाला ने कहा कि सरकार की सोच किसान के पक्ष की नहीं है। भाजपा के लोग तो अमीर और गरीब, हिंदू एवं मुस्लिम तथा सिख व ईसाई को आपस में लड़ा कर मात्र अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को बताया की परिवर्तन पदयात्रा के दौरान उन्हें कई हिस्सों में जाने का मौका मिला तो जनता ने एक ही बात बताई की खेतों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल नहीं है। महंगाई इस कदर है कि बच्चों का पालन पोषण दुर्लभ हो गया है । प्रदेश में सड़कें टूटी पड़ी हैं सरकारी कार्यालयों में बगैर पैसे दिए कोई काम नहीं होता।

## मूलभूत आवश्यकताओं और जन-उपयोगी सुविधाओं को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान में उपलब्ध राशि से जनजातीय मजरों-टोलों के विद्युतीकरण के कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएं। मूलभूत आवश्यकताओं और जन-उपयोगी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च महत्व दिया जाए।

चौहान आज यहां मंत्रालय में जिला खनिज प्रतिष्ठान की राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। खनिज साधन तथा श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव खनिज साधन राघवेंद्र कुमार सिंह, सचिव वित्त अजीत सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न जिलों के विभिन्न



कार्यों की स्वीकृति दी गई। इनमें भोपाल में महाराणा प्रताप और उनके सहयोगियों के गौरवशाली इतिहास को दर्शाते हुए पार्क विकसित करने, शहीदों के सम्मान में रेजांगला युद्ध स्मारक के निर्माण और बंजारी में इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के उन्नयन और जगदीशपुर भोपाल में ऐतिहासिक व्यक्तित्वों पर केन्द्रित मिनी पार्क निर्माण के कार्यों को स्वीकृति दी गई। इंदौर स्थित नेहरू स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने, इंदौर के निकट जानापाव पहाड़ी पर रोप-वे निर्माण, ग्वालियर जिले में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर केन्द्रित अंबेडकर धाम स्थापित करने तथा दतिया में माँ पीतांबरा कॉरिडोर का निर्माण और वहाँ जन-सुविधाओं का विस्तार शामिल है। नर्मदापुरम को धार्मिक, आध्यात्मिक नगरी के रूप में स्मार्ट स्वरूप देने, रीवा में कोल गढ़ी के जीर्णोद्धार, सीहोर जिले के ग्राम पिपलानी में कोरकू समुदाय के राजा भभूत सिंह जी के नाम पर पार्क विकसित करने की भी स्वीकृति हुई।

### 16 लाख रुपये की स्मैक के साथ उप्र के दो तस्कर गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में पुलिस ने सोमवार को 16 लाख रुपये की स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो तस्कर स्मैक की बड़ी खेप लेकर अल्मोड़ा की ओर से आ रहे हैं। अल्मोड़ा पुलिस ने बेस तिराहा पर जाल बिछा लिया। कुछ ही देर में दोनों तस्कर पुलिस के जाल में फंस गये। आरोपियों के नाम मकसूद अली निवासी ग्राम नसरल नगर, पो. ककरूवा, थाना शहजाद नगर, रामपुर, उप्र और महबूब अली निवासी तक्का खां का बाग कालोनी, थाना सिविल लाइंस, जिला रामपुर, उप्र है।

## भाजपा ने चुनावी रिश्वतखोरी में केसीआर की संलिप्तता की निंदा की

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई ने सोमवार को मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की ओर से वोट खरीदने के लिए मतदाताओं के विभिन्न समूहों को करदाताओं के पैसे वितरित कर खुलेआम चुनावी रिश्वत देने की कड़ी निंदा की।

तेलंगाना भाजपा के मुख्य प्रवक्ता के. कृष्ण सागर राव ने यहां एक बयान में कहा, केसीआर जनता के पैसे से खरीदारी कर रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया, तेलंगाना सरकार ने राज्य में आगामी चुनावों से पहले प्रत्येक मुस्लिम परिवार में एक सदस्य को एक लाख रुपये वितरित करने का आदेश जारी किया है। मुसलमानों को ही क्यों? उनकी सरकार चुनाव से



पहले ऐसे भ्रष्ट निर्णय लेने के लिए कैसे योग्य है? यह संविधान की ओर से प्रस्तावित समान अवसर कैसे तैयार करेगा। राव ने कहा,क्या यह सार्वजनिक भ्रष्टाचार नहीं है? यह आखिर क्या है? केसीआर को यह समझना चाहिए कि उनकी चुनी हुई सरकार सिर्फ राज्य के खजाने की संरक्षक है वह अपनी राजनीतिक उपयोगिता के लिए अंधाधुंध धन बांटने वाले कोई राजा नहीं हैं।

### 4 बच्चों की मां को प्रेमी संग फंदे पर लटकी

बाड़मेर। बाड़मेर में चार बच्चों की मां को 19 साल के युवक से प्यार हो गया। दोनों साथ में रहने के लिए शादी नहीं कर पाने की वजह से सुसाइड का प्लान बना लिया। इससे पहले दोनों ने बाजार से खरीददारी की। फिर युवक के घर से 150 मीटर दूर पेड़ से रस्सी से दो अलग-अलग फंदे बनाकर सुसाइड करने के लिए पेड़ पर चढ़े। दोनों गले में फंदा डालकर कूदे, लेकिन विवाहिता मौत हो गई। युवक बच गया। घटना बाड़मेर में चौहटन उपखंड के विष्णुनगर सोमाणियों की ढाणी की की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फंदे से बचा युवक भागकर टांके में कूदने जा रहा था। मौके पर खड़े लोगों ने देखकर रोक दिया। युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच करने के साथ यह भी जांच कर रही है कि युवक ने फांसी का फंदा गले में डाला था या फिर डरकर भाग गया था। चौहटन थानाधिकारी भुटाराम ने बताया- युवक वीरमाराम (19) पुत्र सुरताराम विष्णु नगर चौहटन आगोर का रहने वाला है। बीते तीन चार दिनों से घर में अकेला ही रह रहा था। वहीं, पूरोदेवी (30) पत्नी रुपाराम बामणोर गांव की रहने वाली है। पीहर धोरीमन्ना उपखंड के लूखु गांव में है। पूरोदेवी शनिवार को दोपहर के समय ससुराल से सामान लाने कह कर निकली गई। ससुराल से चौहटन पहुंच गई। वहां युवक वीरमाराम मिल गया। चौहटन कस्बे में खरीददारी कर दोनों युवक के घर विष्णु नगर चले गए। शनिवार की रात दोनों ने साथ बिताई। युवक से पूछताछ में सामने आया कि दोनों साथ जीने-मरने की कसमें खाई।

## ज्ञानवापी मस्जिद सर्वे : सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश पर 26 जुलाई तक लगाई रोक

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वे करने के वाराणसी जिला अदालत के आदेश पर सोमवार को 26 जुलाई तक रोक लगा दी।

जिला अदालत के 21 जुलाई 2023 के आदेश पर एएसआई के 30 सदस्यीय एक दल ने सोमवार सुबह से सर्वे का काम शुरू कर दिया था।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुज़ेफ़ा अहमदी के मामले



का तत्काल उल्लेख करने पर यह आदेश पारित किया।

पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि जिला न्यायाधीश का आदेश 26 जुलाई शाम पांच बजे तक लागू नहीं किया जाएगा। इस बीच मुस्लिम पक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर कर सकता है। पीठ ने उच्च न्यायालय रजिस्ट्री से इस मामले को सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय के संबंधित पीठ के समक्ष रखने को भी कहा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जिला न्यायाधीश की ओर से सर्वेक्षण का आदेश शुक्रवार अपराह्न 4: 30 बजे पारित किया गया था। ऐसे में आवेदक को उच्च न्यायालय के समक्ष अपने कानूनी उपाय करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए।

अहमदी ने सर्वे कराने के आदेश विरोध करते हुए जिला अदालत के आदेश की वैधता पर सवाल उठाया। उन्होंने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि जिला अदालत ने शीर्ष अदालत के आदेश की अवमानना करते हुए एएसआई को मस्जिद स्थल की खुदाई करने की अनुमति दी।

इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि मस्जिद परिसर में फिलहाल कोई आक्रामक तरीका या खुदाई नहीं की जा रही है। मेहता ने अपनी जानकारी का हवाला देते हुए कहा,एक भी ईंट नहीं हटाई जा रही है। वे केवल माप, फोटोग्राफी, रडार इमेजिंग कर रहे हैं।

इससे पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने श्री मेहता से ज्ञानवापी मस्जिद की स्थिति का पता लगाना और इससे अदालत को अवगत कराने को कहा था।

## हरियाणा में घग्गर का जलस्तर बढ़ा, अंबाला-चंडीगढ़ रूट डायवर्ट

चंडीगढ़। हरियाणा में 16 जिलों में आज बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पहाड़ों में हो रही बारिश से घग्गर का जलस्तर बढ़ गया है। इस वजह से अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। अब वाहन यमुनानगर-पंचकूला हाईवे से जा रहे हैं। इस कारण मोहाली के डेराबस्सी में वाहनों का जाम लगा हुआ है, सैकड़ों वाहन इस जाम में फंसे हुए हैं। वहीं पहाड़ों की बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ने की भी संभावना है। इससे यमुनानगर, करनाल और पानीपत में बाढ़ से भूमि कटाव का खतरा बना हुआ है। सूबे में बाढ़ से अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। 7 घायल और 2 लोग अब भी लापता हैं। 461 गांव बाढ़ से ग्रस्त हैं। अंबाला, फरीदाबाद, फतेहाबाद और सिरसा में NDRF की टीमें तैनात हैं। फतेहाबाद में सेना तैनात है। रेवाड़ी-दिल्ली के बीच 2 ट्रेनें कैंसिल हो गई हैं। इसके साथ ही 8 गाड़ियों का रूट डायवर्ट किया गया है। यमुना ब्रिज पर जलभराव के कारण प्रभावित हुआ रेल यातायात हरियाणा में यमुना नदी में फिर से आए उफान और देश की राजधानी दिल्ली के यमुना ब्रिज पर बारिश के कारण जलभराव से एक बार फिर रेल यातायात प्रभावित हुआ है।

### इन जिलों के लिए बारिश का अलर्ट

हरियाणा में जिन जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है, उनमें पंचकूला, करनाल, अंबाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, कैथल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत और पानीपत शामिल हैं।

### गया में सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

गया। गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के सरबहदा ओपी इलाके में हर सिंगरा के पास स्कार्पियो के पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले में 10 साल का बच्चा और एक महिला और एक पुरुष है। तीनों की बॉडी सड़क पर इधर उधर पड़ी है। मौके पर भारी भीड़ लगी है। इस दुर्घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। मृतकों में एकंगरसराय थाना क्षेत्र के ऊपरी बाजार निवासी (35) वर्षीय शंकर कुमार, उनकी (10) वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी एवं जहानाबाद जिला के अरहेट गांव की रहने वाली शंकर की सास 60 वर्षीय राधारानी देवी है। शंकर के चचेरे भाई बिहारी कुमार ने बताया कि शंकर कुमार अपने परिवार के साथ सोमवार को राजगीर के ब्रह्म कुंड में स्नान करने जा रहा था। तभी खुदागंज थाना क्षेत्र के महमूदा पुल के पास गाड़ी अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में पलट गई।

## शार्ट न्यूज

### हृदय के स्वास्थ्य के लिए 'फिश टैंक मॉडल'

**नयी दिल्ली।** असाध्य रोगों का नए-नए प्रयोग से उपचार करने वाले डॉ बिस्वरूप रॉय चौधरी (बीआरसी) ने हृदय रोग के उपचार पर रविवार को यहां हृदय-स्वास्थ्य पर अपनी पुस्तक' फिश टैंक मॉडल फॉर हार्ट केयर' जारी की। उन्होंने इस अवसर पर मीडिया को बताया कि इस पुस्तक में उनके सफल दृष्टिकोण के के सबूतों और कार्यप्रणालियों का विस्तृत दस्तावेजीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया भर में रोगियों के जीवन में सुधार हो रहा है। डॉ चौधरी ने कहा कि वह असाध्यता रोग की धारणा को चुनौती देते हैं और उनके पास इस बात का प्रमाण है कि सही ज्ञान एवं पद्धतियों के कारण असाध्य कही जाने वाली बीमारियों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जीआरएडी प्रणाली के साथ' फिश टैंक मॉडल' ने चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में नये मार्ग खोले हैं इन पद्धतियों से किडनी, लिवर, हृदय और अन्य असाध्य बीमारियों का उपचार संभव है। डॉ चौधरी ने सरकार से आयुष चिकित्सा को भी स्वास्थ्य बीमा कवर में लाने की गुजारिश की।

### दिल्ली विश्वविद्यालय ने बढ़ाई सीएसएएस (यूजी)-2023 के पहले और दूसरे चरण की तिथियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने सीएसएएस स्नातक प्रवेश के पहले और दूसरे चरण को बुधवार, 26 जुलाई, 2023 को शाम 04: 59 बजे तक बढ़ा दिया है। जिन उम्मीदवारों ने पहले चरण के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, और/या जिन्होंने पहला चरण पूरा कर लिया है, लेकिन अपनी प्राथमिकताएँ दर्ज नहीं की हैं, वे 26 जुलाई को शाम 04: 59 बजे तक यह काम पूरे कर सकते हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यायल ने फ़ैकल्टि ऑफ टेक्नालजी के अंतर्गत बी.टेक प्रोग्रामों के लिए एलोकेशन कम एडमिशन शेड्यूल भी जारी कर दिया है। हालांकि विश्वविद्यालय द्वारा उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे नियमित आधार पर अपनी प्राथमिकताएँ सहेजते रहें। सहेजी गई प्राथमिकताओं को सीएसएएस पोर्टल गुरुवार, 27 जुलाई, 2023 को शाम 05: 00 बजे ऑटो लॉक कर देगा। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी गई है कि वे अपना आवेदन समय पर पूरा करें और सीएसएएस-2023 आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम दिन का इंतजार न करें।

### धर्म छिपाकर महिला से रेप, 20 लाख ऐंठे

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने लव जिहाद के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक विधवा महिला की शिकायत पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया। आरोप है कि युवक ने धर्म बदलकर नकली नाम बताकर महिला को पहले प्रेम जाल में फंसा लिया। उसके बाद लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहा था। दरसअल बिसरख थाना पुलिस ने गाजियाबाद निवासी हारून खान उर्फ नोनू को इटेहडा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। महिला ने बिसरख थाने में शिकायत देते हुए बताया कि आरोपी हारुन खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर जिम करने वाली पीड़िता से अपना नाम, जाति व धर्म छुपाकर उससे दोस्ती की। आरोपी मुस्लिम था लेकिन उसने खुद को हिंदू बताया। आरोपी ने दोस्ती के दौरान जान पहचान बढ़ाई और फिर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता की अश्लील वीडियो भी बना ली। उसके बाद आरोपी जबरन धर्मांतरण करने के लिए दबाव बनाने लगा।

### नोएडा पुलिस से मुठभेड़ में 6 चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस और स्वाट टीम की 24 जुलाई सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे के आसपास नोएडा के सेक्टर 11 में स्थित मदर डेरी के पास चोरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक चोर को पुलिस ने घायल होने के बाद पकड़ा है। यह घायल चोर शातिर चोर गिरोह का सरगना बताया गया है। उसके गिरोह के सभी 6 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर 24 थाने की पुलिस व पुलिस की स्वॉट टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान शक होने पर सेक्टर 11 में दो मोटर साइकिल सवार युवकों को रोका गया। एक मोटर साइकिल तो रुक गई लेकिन दूसरी मोटर साइकिल का चालक पुलिस पर फायर करता हुआ भागने लगा। जिसके बाद पुलिस की जवाबी करवाई पर गोली पैर में लगने से मोटर साइकिल सवार गिर पड़ा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ मोटर साइकिल सवार एक शातिर चोर गिरोह का सरगना निकला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस सरगना का नाम रियासत अली है। वह मूल रूप से यूपी बिजनौरी का रहने वाला है। वह गिरोह बनाकर नोएडा के सेक्टरों में चोरी करता था।

### लगातार बढ़ रहा हिंडन नदी का जलस्तर

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर में हिंडन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से क्षेत्र में बसी हुई कॉलोनियों में पानी भरना शुरू हो गया है। वहां की गलियों तक पानी भर गया है। इसको लेकर पुलिस पहले से ही अलर्ट है। पुलिस के द्वारा नदी के आसपास रहने वाले लोगों को अलर्ट किया गया और सभी से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की गई। कहा गया कि आप लोग अपना मकान खाली कर दें और बारात घर और स्कूल में आप लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में अपर पुलिस उपायुक्त राजीव दीक्षित के द्वारा थाना प्रभारियों व पुलिस बल के साथ बाढ़ प्रभावित थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्र यूसुफपुर चक शाहवेरी, पुराना हैबतपुर, तिगरी व थाना सेक्टर 142 क्षेत्रान्तर्ग ग्राम सहदरा, थाना ईकोटेक 3 ग्राम सुतियाना, पुराना अलीवर्दीपुर तथा सेक्टर 63 क्षेत्रान्तर्गत छिजारसी कालोनी, चोटपुर, बबीता विहार कालोनी व 25 फुटा बुद्ध विहार में हिंडन नदी के किनारे स्थित मकानों को खाली कराने की अपील की गई। बताया गया कि रात में कभी भी अचानक बाढ़ का पानी घरों में पहुंच सकता है।

### चचेरे भाई की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

जेवर। जेवर कोतवाली क्षेत्र के झुप्पा गांव में रुपये के लेनदेन में ताऊ के लड़के और उसकी पत्नी पर चचेरे भाई ने बेरहमी से लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है। जिसका शव आरोपी के गेट के नजदीक पड़ा मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जेवर पुलिस ने बताया कि झुप्पा गांव निवासी चंद्रशेखर (35) पिछले कई वर्ष पहले अपनी संपत्ति बेचकर दिल्ली के छतरपुर में परिवार के साथ रह रहा था। जिसके ताऊ का लड़का भिक्की गांव में रहता है। बताया जाता है कि भिक्की ने चंद्रशेखर से कई वर्ष पहले रुपये उधार ले लिए थे। जिनको लेने के लिए चंद्रशेखर रविवार की देर रात अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर घर पहुंचा था। वहां रुपये के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि उसके बाद व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर चंद्रशेखर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों ने चंद्रशेखर को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### युवती का नहर में पुल के नीचे मिला शव

**जेवर।** रबूपुरा कोतवाली एरिया के गांव चचूरा से कई दिन से संदिग्ध हालात में लापता हुई युवती का शव रविवार रात को गांव के पास ही नहर से बरामद किया गया है। स्थानीय पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीण यशपाल की बेटी आरती (22) शुक्रवार शाम को अपने घर से पास में होकर गुजर रही नहर में कूड़ा डालने गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की थी। कई दिन तक तलाश करने के बाद भी उसके बारे में कोई सुराग नहीं लगा था। परिवार के लोगों ने पुलिस को भी इस संबंध में शिकायत की थी। रविवार रात को गांव के पास नहर के पुल में अटका हुआ युवती का शव बरामद हुआ। शव कचरे के बीच अटक हुआ था। आशंका है कि कूड़ा फेंकते समय युवती का पैर फिसल गया और बेकाबू होकर वह नहर में जा गिरी। जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पानी में शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यमुना की मौजूदा स्थिति पर यमुना संसद लाएगी श्वेत पत्र

- हथिनीकुंड से कालिंदी कुंज तक तकनीकी विशेषज्ञों के साथ इससे पहले होगी यात्रा, यमुना, उसके फ्लड प्लेन और उस पर निर्भर समुदायों की हालात का लिया जाएगा जायजा
- यमुना की बाढ़ : अतिक्रमण या अधिकार विषय पर सेमिनार का आयोजन, विशेषज्ञों ने रखी राय, समस्या के बताए समाधान के तरीके

**नई दिल्ली।** यमुना की मौजूदा स्थिति पर यमुना संसद एक विस्तृत श्वेत पत्र लाएगी। इसके लिए पहले हथिनीकुंड से कालिंदी कुंज तक तकनीकी विशेषज्ञों के साथ यात्रा निकाली जाएगी। इसमें इस बीच यमुना, उसके फ्लड प्लेन और उस पर निर्भर समुदायों की हालात का जायजा लिया जाएगा। यमुना संसद की तरफ से इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल युनिवर्सिटी फॉर ओमन, दिल्ली में सोमवार को यमुना की बाढ़-अतिक्रमण या अधिकार विषय पर आयोजित सेमिनार में एकमत से इस पर फैसला लिया। इसमें विशेषज्ञों ने यमुना की समस्या गिनाने के साथ समाधान के तरीके भी बताए।

विशेषज्ञों ने पुरजोर तरीके से कहा कि दिल्ली में इस वक्त यमुना अपने घर आई है और बहुत थोड़ी आई है। यह अतिक्रमण कतई भी नहीं है। इसमें किसी को भी गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। इसे दिल्ली को समझना पड़ेगा। साथ ही कहा कि यमुना को अतिक्रमण से मुक्त करने के साथ उसके अविरल प्रवाह को बनाए रखना राजसत्ता और समाज सत्ता दोनों की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में जलपुरुष राजेंद्र सिंह, आईआईटी दिल्ली के रिटायर्ड प्रो. एके गोसाईं, स्विडन स्थित आईएएम के जनरल सेक्रेटरी आशुतोष तिवारी, युनिवर्सिटी की वीसी प्रो. अनीता राज, डीयू के प्रोफेसर शशांक शेखर, यमुना संसद के टेक्निकल हेड डॉ. संजय सिंह समेत दूसरे विशेषज्ञों ने यमुना नदी के अलग-अलग पक्षों ने बात रखी। सभी विशेषज्ञों ने माना कि यमुना की बाढ़ एक अवसर है, जो यमुना के पुनर्जीवित करने की दिशा दिखा रखी है।

राजेंद्र सिंह ने कहा कि एक जमाना था, जब बाढ़ का स्वागत करते थे, बाढ़ बहुत कुछ देती थी। अब बाढ़ उजाड़ती है. इससे कष्ट होता है। जब तक नदियों के साथ आस्था से जुड़े थे, तब तक ठीक था। जब हमने शोषित शुरू कर दिया सब गड़बड़ हो गया। यदि सचमुच भारत की नदियों को जीवित रखना चाहते हैं, तो उन्हे प्यार देना होगा। अतिक्रमण, पॉल्यूशन और माइनिंग नदी के लिए खतरा है। यमुना की बाढ़ प्राकृतिक नहीं, मानव जनित है। व्यवस्था की लापरवाही ने इस संकट को खड़ा किया है।

प्रोफेसर एके गोसाईं ने कहा कि किसी नदी का आकार छोटा है तो किसी का बड़ा। बड़ी नदी रास्ता बनाती है, जिसे फ्लड प्लेन कहते हैं. बारिश होने पर कुछ पानी जमीन सोख लेती है, बाकी नदी में जाता है।

और अगर एक साथ ज्यादा पानी इकट्ठा होता है, तो बाढ़ आनी तय है। यमुना की बाढ़ के संबंध में जो बात पूर्वी और पश्चिमी यमुना कैनाल खोलने की कही जा रही है, उसमें कैनाल का साइज कम है। फ्लड के ज्यादा पानी को यह संभाल नहीं पाती। दिल्ली को सीवर और बरसात के पानी का सिस्टम बनाना पड़ेगा।

वहीं, प्रो. शशांक शेखर ने कहा है अगर यमुना को स्वस्थ और दिल्ली को बाढ़ से बचाना है कि ओ जोन को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करना होगा। यमुना के पुराने चैनल की पहचान कर वहां वेटलैंड विकसित की जाए। फ्लड प्लेन में न्यूनतम अवरोध खड़ा किया जाए। तभी दिल्ली के लिए बाढ सुखद अनुभव होगा।

यमुना संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी ने बताया कि यमुना संसद यह प्रस्ताव पास करती है कि यमुना की स्थिति पर जल्द ही श्वेत पत्र लाया जाएगा। उन्होंने यमुना संसद की पृष्ठभूमि पर विस्तार से चर्चा की और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। जबकि यमुना संसद के टेक्निकल हेड संजय सिंह ने बताया कि हथिनीकुंड से कालिंदी कुंज तक यमुना यात्रा निकलेगी। इसके पूरा होने के एक महीने के भीतर श्वेत पत्र तैयार कर लिया जाएगा।

डॉ. फैयाज खुदसर ने कहा कि नदी को क्या चाहिए, इसे नदी खुद ही बताती है। बस उसको समझने की जरुरत है। इसके लिए हमें योजना नदी की तरफ से चलकर बनानी पड़ेगी। इसमें नदी का मेन चैनल पहले आएगा, उसके बाद एक्टिव फ्लड प्लेन, ओल्ड फ्लड प्लेन और बांध आता है। यमुना में अभी भी बहुत कुछ बचा है, जिसे समझकर अगर काम किया गया तो यमुना को अविरल और निर्मल किया जा सकता था। अशुतोष तिवारी ने क्लाइमेट चेंज, नदी और सतत विकास पर बात की और कहा कि एक्ट्रीम मौसमी दशाएं आगे और बढ़ेगी। शहरों को इस दिशा में सतर्क होना पड़ेगा।

# ग़रीबों को भी मिलेगा स्वच्छ जल : केजरीवाल

## केजरीवाल ने मायापुरी फेस दो के खजान बस्ती में आरओ एटीएम का शुभारंभ किया



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार राजधानी में हर घर तक साफ-स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर मिशन मोड में काम कर रही है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जगह-जगह आरओ एटीएम भी लगाए जा रहे हैं।

केजरीवाल ने सोमवार को यहाँ मायापुरी फेस दो के खजान बस्ती में आरओ एटीएम का शुभारंभ करने के बाद कहा कि दिल्ली के हर घर तक साफ-स्वच्छ पानी पहुंचाने के मिशन में हम वॉटर-एटीएम जैसा अनूठा प्रयोग भी कर रहे हैं। जहां-जहां हमें टैंकर से पानी देना पड़ता है, वहां हम वॉटर-एटीएम शुरू करेंगे। अमीर लोगों की तरह अब दिल्ली के गरीब लोग भी आरओ का साफ पानी पिया करेंगे। दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के तहत खजान बस्ती के अलावा शकुरबस्ती, कालका और झरोदा में आरओ प्लांट शुरू हो चुके हैं। आने वाले दिनों में इस तरह के करीब 500 आरओ प्लांट लगाए जाएंगे। हर व्यक्ति को वॉटर एटीएम कार्ड दिया जाएगा, जिसकी मदद से वो प्रतिदिन 20 लीटर फ्री पानी ले सकेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में कई इलाके ऐसे हैं, जहां बहुत ज्यादा घनी आबादी है। कई इलाकों में टैंकर से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जाती है। कई कारणों की वजह से ऐसे इलाकों में पानी की पाइप लाइन नहीं डाली जा सकती। ऐसे इलाकों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति के लिए हमने तकनीक का इस्तेमाल कर नया तरीका निकाला है। इसके तहत हम जिन इलाकों में भू-जल स्तर ऊंचा होगा, वहां पर ट्यूबवेल लगाएंगे। दिल्ली के कई इलाकों में भू-जल की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। ट्यूबवेल से इस पानी को निकालेंगे और आरओ से उसकी सफाई करेंगे। इसके बाद आरओ का पानी लोगों को दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यहां पर टैंकर से पानी दिया जाता था। टैंकर से पानी लेने के दौरान लड़ाई झगड़े हुआ करते थे। जहां पर ट्यूबवेल थे, उसका पानी गंदा आता था। लोग गंदे पानी से परेशान थे। ऐसे सभी इलाकों के अंदर आरओ प्लांट लगाने की योजना है। अभी हमने दिल्ली के चार इलाकों में आरओ प्लांट का पायलट प्रोजेक्ट किया है और काफी सफल रहा है।

# डीयू में ईसीए और स्पोर्ट्स कोटा एडमिशन पर वेबिनार आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की एडमिशन ब्रांच द्वारा एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी (ईसीए) और स्पोर्ट्स कोटा के तहत एडमिशन पर एक वेबिनार का आयोजन मंगलवार, 25 जुलाई 2023 को दोपहर बाद 03: 00 बजे किया जाएगा। इस वेबिनार का सीधा प्रसारण दिल्ली विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल youtube.com/@Univofdelhi पर भी किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय की डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने बताया कि वेबिनर के दौरान ईसीए एड्मिशन की संयोजक एवं कल्चर काउंसिल की ज्वाइंट डीन डॉ. दीप्ति तनेजा ईसीए कोटा पर जानकारी देंगी जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स एवं फ़िज़िकल एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. अनिल कलकल स्पोर्ट्स कोटा के तहत दाखिलों पर जानकारी देंगे। प्रो. गांधी ने बताया कि एडमिशन ब्रांच का यह दूसरा वेबिनार है जिसका थीम ईसीए और स्पोर्ट्स सुपरन्यूमरेरी कोटा के तहत एडमिशन के लिए ओरिएंटेशन है। इस वेबिनार के दौरान उपरोक्त कोटा के संबंध में सीट आवंटन और एडमिशन संबंधी नीतियां साझा की जाएंगी। वेबिनर के दौरान प्रस्तावित श्रेणियों, योजनाओं को चिह्नित करना, ट्रायल्स की अनुसूची और विवरण तथा मेरिट बनाने के मानदंड जैसे पहलुओं को कवर किया जाएगा।

# डॉ महेश शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र छिजारसी का निरिक्षण किया



नोएडा। नोएडा की चोटपुर कालोनी एवं छिजारसी सहित कई इलाकों में हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ गया है जिसके चलते लगभग करीब गांव बाढ़ क्षेत्र में प्रभावित हो गए हैं पानी का फ्लो ज्यादा होने के कारण हिंडन से सटे कई इलाके में पानी भर गया है जिसका निरीक्षण करने क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व मंत्री डा. महेश शर्मा एवं जिला प्रशासन के अधिकारी (जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त) सहित पहुंचे और वहां के प्रभावित लोगों की पीड़ा को सुना और अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। नोएडा के सेक्टर में बने सामुदायिक केंद्रों में लोगों को रहने और खाने की व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है फिलहाल नोएडा के सेक्टर 63ए, बहलोलपुर, शाहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंडी, सेक्टर 123, 118,115, 143, 150 के पास यमुना में जलस्तर बढ़ने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लोगों ने बताया कि वह करीब 10 वर्षों से यहां पर रहे है लेकिन आज तक कभी भी इस तरह का मंजर नही देखा था। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, प्रमोद बहल, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, रोहित कुमार, मनोज उपाध्याय, हरिकिशोर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# गोपाल राय ने शाहदरा जिले में पुराने लोहे वाले पुल के पास स्थित बाढ़ राहत शिविरों का दौरा किया

## इस अवसर पर बाढ़ प्रभावित लोगो को फ्री राशन एवं खाने का सामान बांटा गया



**नई दिल्ली।** दिल्ली में फिर से यमुना का जलस्तर बढ़ने के कारण आज दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शाहदरा जिले में पुराने लोहे वाले पुल में स्थित बाढ़ राहत शिविरों का सघन निरीक्षण किया। केजरीवाल सरकार द्वारा राहत उपायों को सुनिश्चित करने के लिए इस बाढ़ राहत शिविर का दौरा किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग , दिल्ली पुलिस , स्वास्थ्य विभाग , एमसीडी , वन विभाग , पीडब्लूडी , आईएन्डएफसी , पशुपालन आदि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सभी मौजूदा अधिकारियो को सामान्य स्थिति आने तक राहत और बचाव कार्य के लिए राहत शिविरों में रहने,खाने-पीने,शौचालय, मेडिकल सहित सभी जरूरी सुविधाएँ जारी रखने के निर्देश दिए गए है । आज राहत शिविर में लोगो को फ्री राशन और खाने का सामान भी बांटा गया । साथ ही पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की वर्तमान में यमुना का जलस्तर धीरे धीरे नीचे आता दिखाई दे रहा है और यदि हथिनीकुंड से पानी फिर न छोड़ा गया तो यमुना के शाम तक खतरे के निशान से नीचे आने के आसार है । राहत शिविरों का जायज़ा लेने के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मिडिया से बातचीत करते हुए बताया की हथिनीकुंड बैराज से फिर से लाखो क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण एक बार फिर यमुना खतरे के निशान को पार कर गई थी । इसी के चलते आज हमने शाहदरा जिले के पुराने लोहे वाले पुल के पास स्थित राहत शिविर का जायज़ा लिया। आज सुबह तक यमुना नदी का जल स्तर खतरे के निशान पर था लेकिन अब धीरे धीरे पानी नीचे उतर रहा है । और यदि हथिनीकुंड से पानी फिर न छोड़ा गया तो यमुना के शाम तक खतरे के निशान से नीचे आने के आसार है । लेकिन ऐसे में सरकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी है की हम हर खतरे से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए तत्पर रहे । और इससे प्रभावित होने वाले लोगों की मदद करे और उन्हें हर जरुरी सुविधाएँ मुहैया करवाए । इस अवसर पर पशुपालन विभाग को सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में फसे पशुओ के पुनर्वास, उनके लिए दवाई और टीका की व्यवस्था के निर्देश दिए गए है । साथ ही राहत शिविर में नियमित रूप से पर्याप्त पशु चारा भी उपलब्ध कराने और मेडिकल टीम को बाढ़ राहत शिविर में मवेशियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है ।

उन्होंने बताया की माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के निर्देशानुसार दिल्ली सरकार के सभी मंत्री दिल्ली में बचाव, राहत और पुनर्वास कार्य की निगरानी और पर्यवेक्षण संबंधित कार्यो को सुनिश्चित करने में लगे है ।

# अजय मिश्रा ने विश्व हिन्दू तख्त के केसरिया ध्वज का किया विमोचन

## विश्व हिन्दू तख्त सनातन का करेगा सरंक्षण व शांडिल्य के नेतृत्व में बेहद आगे बढ़ेगा: गृहमंत्री अजय मिश्रा



**नई दिल्ली।** भारत के ताकतवर गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनके सहयोगी देश के गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से 4 जून को हजारों संतो की मौजूदगी में सरयू घाट पर महाआरती के बाद गठित विश्व हिन्दू तख्त के केसरिया ध्वज को भारत मे नही बल्कि विश्व मे बैठे सनातनियों को समर्पित करते हुए तख्त के ध्वज का विमोचन किया और उन्होंने विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य को बधाई दी और कहा कि विश्व हिन्दू तख्त का ध्वज अपनी ओर आकर्षित करता है ।

उन्होंने कहा विश्व हिन्दू तख्त सनातन का सरंक्षण करेगा व शांडिल्य के नेतृत्व में बेहद आगे बढ़ेगा और सनातनियों को इससे संबल मिलेगा और विश्व हिन्दू तख्त सनातनियों का मार्गदर्शन करेगा।

देश के केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व अमित शाह के भरत जैसे बफादार भाई अजय मिश्रा ने अयोध्या के उन तमाम संतो को भी नमन करते हैं जिनके नेतृत्व में सरयू नदी के किनारे विश्व हिन्दू तख्त ने महाआरती के बाद सनातन धर्म की रक्षा का बिगुल बजाया। केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने अपने दिल्ली आवास पर विश्व हिन्दू तख्त के ध्वज के विमोचन के बाद कहा कि सनातनी इतिहास हजारों वर्ष पुराना है और अयोध्या जहां मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम ने जन्म लेकर न केवल दानवों का अंत किया बल्कि अहंकार का अंत किया और एक ऐसे समाज व धर्म का संदेश दिया जहां नारी का सम्मान हो। जहां न केवल नारी पूजी जाए बल्कि माता पिता का आदर , भाई-भाई का प्यार व रिश्तों में संस्कार व ठहराव का संदेश दिया और पूरे विश्व मे भगवान राम ने संदेश दिया कि रघु कुल रीत सदा चली आई ,प्राण जाई पर वचन न जाई।

केंद्रीय गृह मंत्री अजय मिश्रा ने कहा वीरेश शांडिल्य राष्ट्र भक्त व कट्टर सनातन संस्कृति का सम्मान करने वाले है इसलिये निश्वित तौर पर वीरेश शांडिल्य के नेतृत्व में हिंदुस्तान में नही विश्व मे सनातन धर्म व सनातन संस्कृति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह एक सच्चे राष्ट्र भक्त हैं और देश के हर वर्ग का भला कर रहे और उन ताकतों को ये राम लक्ष्मण की जोड़ी उखाड़ फेंक रही है जो हिंदुस्तान को कमजोर कर रही हैं या करने की सोचते हैं या करने की साजिश रचते हैं।

अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि देश पीएम मोदी व देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ नजदीक से काम करने का मौका भगवान ने दिया वो न केवल सच्चे राष्ट्र भक्त बल्कि सच्चे सनातनी भी हैं और अपनी संस्कृति को मजबूत करने की मुहिम छेडे हुए हैं और अजय मिश्रा ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी 2024 में राम मंदिर देश व विश्व के सनातनियों को समर्पित तो करेंगे ही बल्कि वो देश मे राम राज लेकर आएंगे अब देश सोने की चिड़िया नही बल्कि मोदी व शाह की जोड़ी हिंदुस्तान को सोने का शेर बनाएगी।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा ने कहा कि विश्व हिन्दू तख्त की हर मुहिम में केंद्र सरकार उनके साथ है। वही विश्व हिन्दू तख्त के ध्वज के विमोचन के बाद तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने गृह मंत्री अजय मिश्रा का आभार जताया कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने विश्व हिन्दू तख्त के ध्वज के विमोचन किया व इससे पूरे विश्व मे संदेश जाएगा क्योंकि अजय मिश्रा एक काबिल व ईमानदार व राष्ट्र भक्त व सच्चे सनातनी हैं। उन्होंने अजय मिश्रा से कहा कि विश्व हिन्दू तख्त घर-घर में विश्व हिन्दू तख्त के इस झंडे को हर सनातनी के घर पर लगाएगी बल्कि देश के 100 करोड़ सनातनियों सहित विश्व मे बैठे सनातनियों तक यह बात लेकर जायेंगे की मोदी व शाह की जोड़ी ने 9 वर्ष में इस हिंदुस्तान व सनातन के लिए क्या किया।

# ऐड पर 1100 करोड़ खर्च कर सकते हो तो इन्फ्रा पर क्यों नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को कड़ी फटकार लगाई



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल को कड़ी फटकार लगाई है। दिल्ली सरकार को यह फटकार दिल्ली एनसीआर रैपिड रेल प्रोजेक्ट को लेकर लगाई गई है। प्रोजेक्ट के लिए पैसे की कमी की बात कहने पर शीर्ष कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए पूछा कि विज्ञापन पर करोड़ों रुपए खर्च करने के लिए पैसे हैं। लेकिन इतनी जरूरी सुविधा के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च के लिए पैसे नहीं हैं ? इस मामले की सुनवाई जस्टिस एस के कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच कर रही थी।

### दिल्ली सरकार से मांगा था जवाब

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने जस्टिस एसके कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच के सामने रैपिड रेल प्रोजेक्ट के लिए अपनी ओर से फंड देने में असमर्थतता जताई थी। इसके बाद कोर्ट ने दिल्ली सरकार से विज्ञापन पर खर्च हुए पैसों का हिसाब मांग लिया था। दिल्ली सरकार की तरफ से पेश जवाब में बताया गया कि बीते तीन साल मे विज्ञापन पर 1100 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि विज्ञापन पर इतना खर्च किया जा सकता है तो जरूरी इन्फ्रा के लिए पैसे क्यों नहीं दिए जा सकते हैं। जस्टिस कौल ने विज्ञापनों के लिए किए गए बजटीय आवंटन के बारे में सूचित किए जाने पर दिल्ली सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट एएम सिंघवी से कहा कि या तो आप भुगतान करें या हम आपका विज्ञापन बजट कुर्क कर लेंगे। इसके बाद सिंघवी ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि भुगतान किया जाएगा, लेकिन उचित समयावधि में किश्तों में भुगतान की सुविधा मांगी। जस्टिस कौल ने माना कि भुगतान अनुसूची स्वयं समय की अवधि में फैली हुई है। बेंच को बताया गया कि राज्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित परियोजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान करेगा।

संपादकीय

# प्रतिभा का पलायन चिंता की बात

आमतौर पर दूसरे देशों में जाकर बसने का प्रमुख कारण रोजी–रोजगार होता है। जब व्यक्तिगत सुविधाओं, रोजी–रोजगार और बेहतर जीवन जीने की लालसा में किसी देश के लोग नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों में जाकर बसने लगें, तो यह निश्चित रूप से उस देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। प्रतिभा पलायन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है।

कुछ साल पहले तक युवाओं को भावनात्मक रूप से प्रेरित करने का प्रयास किया जाता रहा कि जिस देश ने उनकी पढ़ाई–लिखाई पर इतना खर्च किया है, जब सेवा देने का समय आए तो उस देश को छोड़ कर अपनी प्रतिभा का योगदान किसी और देश में देना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। मगर इस प्रेरणा का कोई असर नहीं हुआ। उत्तरोत्तर प्रतिभा पलायन बढ़ता गया। अब स्थिति यह है कि जिनके भारत में जमे–जमाए कारोबार हैं, उनमें भी अपनी नागरिकता त्याग कर दूसरे देशों में जाकर बसने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है।

खुद केंद्र सरकार ने संसद में एक सवाल के जवाब में बताया है कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में हर दिन लगभग चार सौ उनतालीस भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। सबसे अधिक पिछले साल सवा दो लाख से ऊपर लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। ये लोग एक सौ पैंतीस देशों में गए हैं, जिनमें पाकिस्तान और सऊदी अरब भी शामिल हैं।

आमतौर पर दूसरे देशों में जाकर बसने का प्रमुख कारण रोजी–रोजगार होता है। भारत में हर साल लाखों युवा इंजीनियरिंग, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा हासिल करके रोजगार की तलाश में निकलते हैं, मगर उनमें से चालीस फीसद को भी उनकी इच्छा और क्षमता के अनुरूप रोजगार नहीं मिल पाता। ऐसे में वे दूसरे देशों का रुख करते हैं।

इसके अलावा बहुत सारे युवा इसलिए भी दूसरे देशों का रुख करते हैं कि यहां उन्हें उनके काम के अनुरूप पैसा नहीं मिल पाता। कई विकसित देशों की तुलना में यहां वेतन, भत्ते और काम करने की स्थितियां बहुत खराब हैं। इसलिए भी वे मौका मिलते ही दूसरे देशों में चले जाते और फिर यहां की नागरिकता छोड़ देते हैं। बहुत सारे युवा विदेशों में पढ़ने जाते हैं और फिर वहीं की नागरिकता हासिल कर लेते हैं।

मगर पिछले कुछ वर्षों में ऐसे भी अनेक लोगों ने यहां की नागरिकता त्याग दी, जिनके यहां अपने कारोबार थे और उन्हें समेट कर वे दूसरे किसी देश में चले गए। यानी उन्हें यहां कारोबार की स्थितियां अनुकूल नहीं लगीं। इसके अलावा कई लोग असुरक्षाबोध के चलते भी कहीं और जा बसे। जनसंख्या के आधार पर भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश बन चुका है। ऐसे में माना जा रहा है कि इसे जनसांख्यिकीय लाभांश दूसरे देशों की अपेक्षा अधिक मिलेगा और अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास होगा। इसी के मद्देनजर सरकार ने कौशल विकास संबंधी कार्यक्रम चलाए हैं, अपने रोजगार शुरू करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसके बावजूद अगर हर साल नागरिकता छोड़ने वालों की तादाद कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज हो रही है, तो इसके कारणों पर गंभीरता से ध्यान देने और उनके समाधान के प्रयास की जरूरत है। आर्थिक मोर्चे पर बेहतरी के लिए जरूरी है कि अपनी बेहतरीन प्रतिभाओं को देश में ही रह कर काम करने का संतोषजनक वातावरण तैयार किया जाए। रोजगार के नए अवसर केवल कैशल विकास से सृजित नहीं होते, इसमें श्रमशक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने वालों के उद्यम और प्रतिभा की भी जरूरत होती है।

# मीडिया का बदलता चरित्र और महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा

वर्तमान समय में मीडिया का चरित्र दोहरा होता जा रहा है। यह चरित्र सामाजिक न्याय का पैरोकार होने की अपेक्षा राजनीतिक व आर्थिक हित के अनुरूप अपना चरित्र बदल रहा है। चरित्र बदलने व दोहरे चरित्र के साथ काम करने की मानसिकता आज मीडिया में देखी जा रही है। मीडिया अनावश्यक खबरों को आवश्यक बनाता हुआ दिन–भर उस पर बहस को चलाता है और व्यक्तिगत व गैर जरूरी मुद्दों को बहस का केंद्र बना देता है। इसका ताजा उदाहरण ज्योति मोर्य व सीमा हैदर है। जिनका प्रेम व संबंध विच्छेद मीडिया की सुर्खियां बटोर रहा है और टीवी न्यूज चैनलों में बहस का केंद्र बना हुआ है। हम उन खबरों को सुन भी रहें हैं और उनके आधार पर निर्णय भी सुना रहे हैं। दो महिलाओं के व्यक्तिगत निर्णय के आधार पर संपूर्ण महिला समाज को कटघरें पर खड़ा कर रहे हैं। महिलाओं पर व्यक्तिगत आक्षेप से लेकर सार्वजनिक टिप्पणी कर रहे हैं। कोई उनकी शिक्षा व रहन–सहन पर सवाल कर रहा है तो कोई समाज में उन्हें कैसे रहना चाहिए ? इसका ज्ञान दे रहा है। इन सब के मध्य जो आवश्यक घटनाएं हैं जो मीडिया के बहस का केंद्र होनी चाहिए थी। वह मीडिया में खबर बनने की आकांक्षा में दम तोड़ देती हैं। यही कारण है कि मीडिया धीरे–धीरे अपना विश्वास व जनमत खोता जा रहा है। हाल ही में मणिपुर से सोशल मीडिया में जारी एक वीडियो ने हमें समाज की मन स्थिति को पुन: समझने के लिए मजबूर कर दिया। जाति व धर्म के नाम पर महिलाओं के साथ यौन हिंसा व हिंसा बढ़ रही है। एक वर्ग विशेष जहां महिला के साथ हिंसा व सार्वजनिक रूप से उसे निर्वस्त्र करके घुमा रहा है। वहीं एक वर्ग दर्शक बनकर वीडियो बना रहा है। हम ऐसे समाज में पहुंच रहे हैं जहां मानवता समाप्त हो रही है। हमें इंसान के जीवन से अधिक इंस्टा, फेसबुक की सुर्खियां, लाइक, कमेंट और सब्सक्राइब अच्छे लगने लगे हैं। इसी प्रकार से दिल्ली में एक लड़की के साथ हिंसा की घटना भी मीडिया में खबर बनी थी और कुछ दिन बहस होने के बाद शांत हो गई थी। यह खबर बेशक मीडिया में पुरानी होकर दरकिनार हो गई थी लेकिन हमारे समाज में महिलाओं के बीच ये आज भी बहस और चर्चा का केंद्र है। सार्वजनिक स्थल पर एक लड़की की सरेआम हत्या की जा रही है और लोगो द्वारा कोई प्रतिक्रिया दिए बिना वहां से चले जाना। ऐसे में हत्यारें से अधिक अपराधी तो वह दर्शक हैं जो अपराध को होता देखकर भी मौन रहे। इसी तरह कहीं भाई अपनी बहन का सिर काट रहा है तो कहीं पति गुस्से में पत्नी के टुकड़े कर रहा है तो कहीं महिलाएं परिवार, समाज से लेकर कार्यस्थलों तक में यौन शोषण का शिकार हो रही हैं। इस तरह की घटनाएं हमारे समाज के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के लिए भी शर्मनाक है। जब हम अपने ही समाज में महिलाओं के प्रति हत्या, हिंसा और बलात्कार को रोक नहीं पा रहे बल्कि इन अपराधिक घटनाओं में उनके सहयोगी बन रहे हैं और उन घटनाओं का सार्वजनिक प्रदर्शन करके उनके सही होने का उपक्रम कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हम अपने 'राष्ट्र' को 'माता' शब्द के रूप से संबोधित करते हैं। ऐसे में क्या हम उस शब्द से जुड़े स्त्री सम्मान व मातृत्व भाव का सम्मान कर पा रहे हैं! हमारे समाज में महिलाओं के साथ हिंसा, बलात्कार की बहुत सी अनगिनत घटनाएं प्रतिदिन घटती है। हम स्वयं भी उस हिंसा को बढ़ावा देते हैं और फिर यह हिंसा एक वर्ग विशेष के प्रति आक्रामक रूप धारण कर लेती है। उसके सम्मान व जीने के अधिकार का हनन करती है। महिलाओं के प्रति हिंसा प्रत्येक देशकाल में होती रही है। यह हिंसा स्त्री को निर्वस्त्र ही नहीं करती बल्कि उसके सम्मान के साथ ही राष्ट्र के सम्मान को भी कटघरे में खड़ा करती है। यहां 'स्त्री' का अस्तित्व ही फिर एक प्रश्न बनकर रह जाता है। फिर वह रामायण की सीता हो, महाभारत की द्रोपदी हो या आज की महिलाएं। जो सत्ता, समाज के सवालों पर सदैव ही कटघरे में खड़ी की जाती रही हैं।

# मुकदमों के बोझ से झुकी अदालतें एवं जटिल होता जीवन



ललित गर्ग

लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक न्यायपालिका इन दिनों काफी दबाव में है। उस पर मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। देश के सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विभिन्न अदालतों में मुकदमों का बोझ इस कदर हावी है कि न्याय की रफ्तार धीमी से धीमी होती जा रही है। अदालतों पर बढ़ते बोझ की समस्या की तस्वीर आंकड़ों के साथ पेश की जाए तो आम आदमी न्याय की आस ही छोड़ बैठेगा। साफ है कि एक ओर तो न्यायपालिका पर मुकदमों का बोझ लदा है, दूसरी ओर उसके जरूरत भर न्यायाधीश भी नहीं हैं। देश की न्याय प्रक्रिया को यदि दुरुस्त करना है तो एक साथ दो मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। देश के छोटे–बड़े सभी न्यायालयों में लगभग 5 करोड़ मुकदमे पैंडिंग हैं। कई तो 30–30 वर्षों से चल रहे हैं। संबंधित मर–खप गया, कई विदेश चले गये, कईयों को लापता घोषित कर दिया गया। न्याय में विलम्ब करना न्याय से इन्कार करना होता है। न्यायाधीशों पर भी अंगुली उठती है। भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। हजारों छोटे–बड़े न्यायालयों में न्यायधीशों की योग्यता पर भी चर्चा सुनते–पढ़ते हैं। न्यायालय के कार्यों में राजनैतिक हस्तक्षेप की बात आम है। निष्पक्ष होकर न्याय करने वाले भी कभी–कभी प्रभावित हो जाते हैं। जो फैसले निचली अदालतें करती हैं, उनमें से कई ऊंची अदालतों में जाकर उलट जाते हैं।

देश में लंबित मुकदमों की संख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है–न केवल निचली अदालतों में, बल्कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी। निचली अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। पांच साल पहले निचली अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या 2.9 करोड़ थी। अब उनकी संख्या 4.4 करोड़ पहुंच गई है। यह स्थिति गहन चिंता का विषय बननी चाहिए, क्योंकि इससे यही पता चलता है कि न्यायिक व्यवस्था चरमरा रही है। यह तथ्य चकित करने वाला है कि केंद्र सरकार ही 6.3 लाख मुकदमों में पक्षकार है। जब केंद्र सरकार इतने अधिक मुकदमे लड़ रही है तो फिर यह सहज ही समझा जा सकता है कि राज्य सरकारें भी बड़ी संख्या में मुकदमे लड़ रही होंगी। वास्तव में इस एक कारण से भी निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक हालिया आंकड़े के अनुसार हर तरह के न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या पांच करोड़ से अधिक पहुंच गई है। देश में कानूनमुक्त शासन व्यवस्था स्थापित करने पर चिन्तन होना चाहिए।

देश में सबसे ज्यादा मुकदमे रेवेन्यू से जुड़े हुए हैं। गांवों में जमीन के बंटवारे या सीमा निर्धारण को लेकर देश की निचली अदालतों में अंबार लगा हुआ है। इस तरह के मुकदमों के निपटारे में ग्राम पंचायत की कहीं कोई भूमिका तय हो तो शायद कोई स्थाई समाधान संभव हो सकता है। लाख प्रयासों के बावजूद देश की अदालतों में मुकदमों का अंबार कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इनमें से करीब 87 फीसदी मुकदमे देश की निचली



अदालतों में लंबित हैं तो करीब 12 फीसदी मुकदमे राज्यों के उच्च न्यायालयों में लंबित चल रहे हैं। देश की सर्वोच्च अदालत में एक प्रतिशत मुकदमे लंबित हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि न्यायालयों में मुकदमों का अंबार लगा हुआ है तो दूसरी ओर सभी पक्ष इसे लेकर चिंतित भी हैं। लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या का एक कारण न्यायाधीशों और संसाधनों की कमी बताई जाती है। नि:संदेह यह एक कारण है, लेकिन इसे एकमात्र कारण नहीं कहा जा सकता। क्या इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ हो सकता है कि सरकारें अपने ही लोगों को मुकदमेबाजी में उलझाए रहें? लंबित मुकदमों के निस्तारण में देरी से केवल लोगों का न्यायिक तंत्र पर भरोसा ही कमजोर नहीं होता, बल्कि देश की प्रगति भी बाधित होती है, क्योंकि करोड़ों लोग काम–धंधे पर ध्यान देने के बजाय अदालतों के चक्कर लगाते हैं और अपने समय के साथ धन की भी बर्बादी करते हैं।

लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ते चले जाने का एक और प्रमुख कारण है कानून प्रक्रिया का जटिल होना। तारीख पर तारीख का सिलसिला। न जाने कितने मामले ऐसे हैं, जिनका निस्तारण दो–चार वर्ष में हो जाना चाहिए, पर वे दशकों तक लटके रहते हैं। यही स्थिति उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी है। पांच करोड़ मुकदमे लंबित रहने का मतलब है कि इससे कहीं ज्यादा लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं, क्योंकि कई मामलों में एक से अधिक लोग अदालती कार्रवाई का सामना कर रहे होते हैं। यह एक तरह से न्यायिक व्यवस्था की ओर से किया जाना वाला उत्पीड़न है। खेद की बात यह है कि इस उत्पीड़न में सरकारें भी शामिल हैं। नि:संदेह उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी स्थिति संतोषजनक नहीं, क्योंकि वहां भी लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। नीति–नियंताओं की ओर से इस तरह की जो बातें रह–रहकर की जाती हैं कि लंबित मुकदमे एक बड़ी समस्या हैं और न्याय में देरी अन्याय है, उनसे देश की जनता आजिज आ चुकी है, क्योंकि तमाम चिंता जताए जाने के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। आखिर उस चिंता का क्या मूल्य–महत्व, जो समस्या के समाधान में सहायक न बने?

हमारे देश में कानून बनाना आसान है लेकिन उन कानूनों की क्रियान्विति समुचित ढ़ंग से न होना, एक बड़ी विसंगति है। इसका कारण है–जनसंख्या के अनुपात में कम न्यायाधीशों का होना, न्यायाधीशों की नियुक्ति पर गतिरोध, पुलिस के पास साक्ष्यों का वैज्ञानिक ढंग से संग्रहण हेतु प्रशिक्षण का अभाव आदि। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एवं उसकी जवाबदेही की कोई व्यवस्था नहीं है। न्यायिक प्रक्रिया का अपेक्षाकृत महंगी होना तथा विचाराधीन कैदियों के अधिकारों का हनन आदि भी कानून की विसंगतियां है। इन विसंगतियों के निवारण हेतु न्यायिक बैकलाग एवं देरी की समस्या से निपटने के लिये ब्रिटेन एवं सिंगापुर की तर्ज पर मुकदमों के निपटारों के लिये समय सीमा निश्चित की जानी चाहिये। फास्ट ट्रैक कोर्ट एवं वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली को बढ़ावा देना चाहिये। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को कम करने एवं पारदर्शिता तथा जवाबदेहिता को बढ़ाने के लिये इसे ठोस एवं क्रांतिकारी कदम उठाये जाने अपेक्षित है। न्याय प्रक्रिया को सर्वसुलभ एवं समावेशी बनाने का प्रयास किया जाए एवं वकालत का माध्यम भारतीय भाषाएं को बनाया जाएं तो कुछ ही वर्षों में भारत की कानून प्रक्रिया में युगांतरकारी एवं क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर ही सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी वेबसाइट कई भारतीय भाषाओं में कर दी है। सवाल यह है कि मुकदमों के इस अंबार को कम करने के लिए कोई ऐसी रणनीति बनानी होगी जिससे अदालतों का भार भी कम हो, न्यायिक प्रक्रिया लंबी भी ना चले और लोगों को समय पर न्याय भी मिले। हालांकि लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों में कमी लाने की सार्थक पहल अवश्य की गई है पर लोक अदालतों में लाखों प्रकरणों से निबटने के बावजूद हालात में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। दरअसल लाखों की संख्या में इस तरह के मुकदमे हैं जिन्हें निपटाने के लिए कोई सर्वमान्य समाधान खोजा जा सकता है। मुकदमों की प्रकृति के अनुसार उन्हें विभाजित किया जाए और फिर समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उन्हें निपटाने की कार्ययोजना बने तो समाधान कुछ हद तक संभव है। समाज एवं राष्ट्र की व्यवस्थाओं में कानूनों के माध्यम से सुधार की बजाय व्यक्ति–सुधार एवं समाज–सुधार को बल दिया जाना चाहिए।

व्यक्ति की सोच को बदले बिना अपराधों पर नियंत्रण संभव नहीं है। चारों तरफ से निराश और हताश व्यक्ति न्याय पाने के लिए न्याय का दरवाजा खटखटाता है। ऐसे में गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि वे लोगों में जागरूकता लाएं और अदालत से बाहर निपटने वाले मामलों को बाहर ही निपटा लें। इसके लिए पूर्व न्यायाधीशों, पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ वकीलों व गैर–सरकारी संगठनों या सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जा सकती है जो इस तरह के मामलों को सुलझा सकें। जिससे न्यायालयों का समय भी बचे और वादी प्रतिवादी का धन और समय बचने के साथ ही सौहार्द भी बना रह सके। अनेक मामलों को आसानी से निपटाने की कोई योजना बन जाए तो मुकदमों की संख्या में कमी हो सकती है।

# नीली चिड़िया उड़ गई – एक्स की स्थापना हो गई

वैश्विक स्तरपर सैकड़ों कंपनियों डिजिटल और मीडिया प्लेटफॉर्मों व सेवाओं के अलग–अलग ब्रांड व लोगो होते हैं, जिनका नाम ही काफी है। उपभोक्ताओं या यूजर्स उसके नाम से ही उत्पाद या सेवाएं खरीदना चाहते हैं चाहे वह कितनी भी महंगी क्यों ना हो,इतना ही नहीं जब अगर कोई अपना ब्रांड बेचना चाहता है तो उसकी वैश्विक नेशनल या इंटरनेशनल प्रसिद्धि को देखते हुए करोड़ों अरबों में डील होती है जिसमें, मेडिसिन से लेकर खाद्य पदार्थों और वस्त्रों से लेकर सोशल मीडिया ब्रांडो लोगो को शामिल कियाजाता है जिसके उदाहरण में हजारों नाम गिना सकते हैं परंतु यह हकीकत है कि इन ब्रांडों को प्रसिद्धि के मुकाम तक पहुंचाने में एड़ी चोटी का जोर लगता है, जिसे बौद्धिक क्षमता जांबाजी ज़ज्बे मेहनत धैर्य से पूरा किया जा सकता है परंतु उसमें भी महत्वपूर्ण बात उस जमे हुए ब्रांड को बदलना अभी बहुत रिस्की और जोखिम भरा काम है जो भारत में कूट–कूट कर भरा है, इसीलिए ही भारतीय बौद्धिक क्षमता का उदाहरण पूरी दुनियां में दिया जाता है।वैश्विक स्तरपर भारतीय बौद्धिक कौशलता और बौद्धिक क्षमता का डंका दुनिया में बज़ता है यह सर्वविदित है। परंतु बड़े बुजुर्गों का कहना है कि मानवीय जीवन समाप्त हो जाता है परंतु सीखना समाप्त नहीं होता इसलिए हमें इस भ्रम और अंधकार में नहीं रहना चाहिए कि हमारी कौशलता और बौद्धिक क्षमता दुनिया से हटकर और विशेष उपयोगी है।यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि रविवार देर रात दुनियां के सबसे अमीर आदमी एलेन मस्क ने ट्विटर का लोगो चिड़िया से बदलकर एक्स करने की ओर इशारा एक ट्वीट से दिया और चिड़िया मुक्त होने की राह पर है। वह व्यक्तित्व अनमोल गुणवत्ता का धनी, परिवर्तनकारी सोचअसफलताओं के बीच सफलता ढूंढने का गुण सहित अनेक कलाओं वाला व्यक्तित्व है स्वभाविक ही है कि ऐसा व्यक्तित्व दुनिया का सबसे अमीर आदमी बन सकता है, इसीलिए जरूरत है हमें हर उस सफल व्यक्ति के गुणों को सीखने की जो हमारे जीवन में सफलताएं ला सकता सकते हैं इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ निरंतर नवाचार और सीखने की आदत डालें तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफार्म की पहचान नीली चिड़िया उठाकर एक्स लोगो की पहचान शीघ्र दिखेगी।

साथियों बात अगर हम ट्विटर लोगो को नीली चिड़िया से एक्स करने की करें तो एक ट्विटर स्पेस में कंफर्म किया है कि वह जल्द ही ट्विटर का लोगो नीली चिड़िया से बदलकर एक्स किया जाएगा। इसके अलावा एक पोल किया है,इसमें यूजर्स से पूछा है कि क्या प्लेटफॉर्म का डिफॉल्ट कलर ब्लू से बदलकर ब्लैक या व्हाइट कर दिया जाए। आठ लाख से ज्यदा लोग अभी तक इस पोल में हिस्सा ले चुके हैं। अभी तक 74.8 फीसदी लोगों ने हां में जवाब दिया है।एलन मस्क का लेटर एक्स के साथ 24 साल पुराना नाता है। वर्ष 1999 में उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग कंपनी एक्स.कॉम की स्थापना की थी।

## दुनिया से बचके तुझको निहार आया हूं

दुनिया से बचके तुझको निहार आया हूं.

दुनिया से बचके तुझको निहार आया हूं.
कर्ज इश्क का इस तरह उतार आया हूं।

खून से लबरेज़ इश्क का दरिया,
प्यार की कश्ती से बमुश्किल पार आया हुँ।

वो चाहते हैं गमों से गले लगना
दर्द के सारे चेहरे सवार आया हूं ।

जख्मों से गमो के भरे हैं
सारे हिस्से।
मैं सारे जख्मों को उतार आया हूं।।

छन छन करती तेरी आवाज भाग गई मुझको ।
पायलो से तेरी मैं झंकार लाया हूं।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# पाकिस्तान में तोड़े जा रहें हिदू मंदिर, भारत में विपक्ष के नेता मौन



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

पाकिस्तान की सीमा हैदर के भारत आने के बाद से जिस तरह से पड़ोसी देश में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है, वह बहुत ही चिंताजनक है। दरअसल बीते रविवार को पाकिस्तान में दो हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाएं हुई हैं। इसमें पहली घटना तो सिंध प्रांत के काशमोर इलाके में हुई, जिसमें एक मंदिर पर डकैतोंके गिरोह द्वारा रॉकेटलांचर दागे गए। जबकि दूसरी घटना कराची में हुई, जहां पर डेढ़ सौ साल पुराने मंदिर को अवैध बताते हुए पूरी तरह से गिरा दिया गया। ऐसे में इन दोनों घटनाओं से पाकिस्तान के अलावा पूरी दुनिया में रहने वाले हिंदू धर्म के लोगों की आस्था पर काफी गहरी चोट लगी है। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदू धर्म और सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की बहुलता वाले देश भारत के नेता पाकिस्तान की इन करतूतों पर मौन हैं। दरअसल जब भारत के अंदर किसी मस्जिद या मंदिर को तोड़ा जाता है, तो यहां नेता अक्सर अपनी राय प्रकट करने के लिए दिनभर खबरियां चैनलों और यूटयूब चैनलों पर चिल्लाते नहीं थकतें हैं। लेकिन आज जब हिंदूओ के साथ यह अमानवीय पूर्ण घटना पड़ोसी देश पाकिस्तान में हो रहीं है तो ना तो सत्तापक्ष और ना ही विपक्ष के नेता बोल रहें हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि आखिरकार जब हिंदू धर्म और हिंदू तीर्थ स्थलों के साथ इतना भद्दा काम हो रहा है, तो भारत के नेता किस डर से चुप है?

## कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के नेताओं ने साधी चुप्पी

पाकिस्तान में हाल ही में हिंदू मंदिरों को तोड़ने और उनके गिराए जाने की घटनाएं हुई हैं। लेकिन इन घटनाओं के होने के बावजूद भी सत्ता पक्ष के अलावा विपक्ष के नेताओं ने कुछ भी बोलना सही नहीं समझा है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल जो मस्जिद और मंदिर तोड़े जाने पर अक्सर सड़कों पर उतरकर आंदोलन तक करतें हैं, वह भी इन घटनाओं पर चुप हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी से यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि आखिरकार वह पाकिस्तान में हो रहें हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाओं पर चुप क्यों हैं ? आखिरकार कांग्रेस पार्टी को पाकिस्तान में मंदिरों के तोड़े जाने के विरोध में बोलने में किस बात का डर है। यहां पर एक सवाल यह भी उठता है कि क्या भारत के राजनीतिक दल महज वोट की राजनीति के लिए इस मुद्दे पर बोलने से बच रहें हैं ? यदि सच में भारत के राजनेता केवल वोटों के लिए इस मुद्दे पर बोलने से बच रहें हैं तो इससे बड़े दुर्भाग्य की बात इस देश के लिए और कुछ भी नहीं हो सकती है।

## सिंध में मंदिर पर दागे रॉकेटलांचर, कराची में 150 साल पुराना मंदिर गिराया



## क्यों चुप हैं सेक्यूलर भारत की बात करने वाले नेता ?

दरअसल हमारे देश के अंदर बीते दो तीन दशकों से सेक्यूलरिज्म के नाम पर राजनीति करने वाले कई नेता और राजनीतिक पार्टियों ने सालों तक सत्ता की मलाई खाई है। इतना हीं नहीं सेक्यूलर देश की बात करने वाले नेता अक्सर सर्वधर्म समभाव और सभी धर्मो के सम्मान की बात करतें रहतें हैं। ऐसे में आज वो सभी नेता कहा चले गए हैं ,जब पड़ोसी देश पाकिस्तान में हिंदू देवी देवताओं के मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा इस देश के सेक्यूलर नेता अक्सर हिंदू मंदिरों के तोड़े जाने पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं ?

दरअसल हमारे देश के नेता चाहे वह सेक्यूलर हो या फिर राष्ट्रवादी, वह अपना हर बयान राजनीतिक नफे नुकसान को ध्यान में रखते हुए ही देतें हैं। शायद पाकिस्तान में हो रहीं इन घटनाओं पर बोलने से भारत के नेता इसलिए बच रहें हो कि इसमें बोलने से उनको अपने मतदाताओं को नाराज हो जाने का खतरा नजर आ रहा हो।

दरअसल हमारे देश के नेताओं की नियति ही कुछ इस तरह की है कि उन्हें अपना धर्म तो बहुत पसंद है। लेकिन अपने धर्म से ज्यादा भी भारत के नेताओं को सत्ता में बने रहना पसंद है। ऐसे में हमारे देश के नेता सत्ता में आने के लिए हर उस दांव पेंच से गुजरने के लिए तैयार होतें हैं, जो उन्हें सत्ता तक पहुंचाने में मददगार होता है। लेकिन ये नेता कभी सपने में भी ऐसी गलती नहीं करना चाहतें हैं, जिससे इनका एक भी मतदाता नाराज हो।

ऐसे में यह तो एक बड़े समुदाय से जुड़ा मामला है में जिसके मतदाता देश की लगभग 20 फीसदी आबादी का हिस्सा हैं।

## धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों के मुह पर फिर से लगा ताला क्यों ?

दरअसल धर्म विशेष के नाम पर देश में लंबे समय से राजनीति करने वाले ज्यादातर नेताओं के मुह पर एक बार फिर से ताला लग गया है। ऐसे में अब ये नेता पाकिस्तान के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल पा रहें हैं। राष्ट्रीय पार्टी के साथ साथ राज्यों की राजनीत में मजबूती से सक्रिय क्षेत्रीय पार्टियां मसलन यूपी में सपा, बसपा, बिहार में आरजेडी और जेडीयू, पंजाब में शिरोमणी अकाली दल, और आम आदमी पार्टी, महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी, पश्चिम बंगाल में टीएमसी सहित ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां भी मौन है। ऐसे में आज इन सभी दलों पर सवाल उठता है कि, आखिर क्या वजहें है कि पाकिस्तान में हिंदू धर्म के साथ होने वाले अन्याय और अत्याचार पर ये सभी चुप हैं ?

## देश के सभी राजनीतिक दलों को कराना चाहिए विरोध

दरअसल पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों और हिंदूओं के साथ होने वाले अमानवीय आचरण का खुलकर विरोध करना चाहिए। आज देश के सभी दलों के नेताओं मसलन सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं को पाकिस्तान की कड़ी निंदा करते हुए उसपर दबाव बनाने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे में कहीं ना कहीं आज सभी दलों को अपनी दलगत राजनीतिक भावना से उपर उठकर पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। यदि आज सभी दल एकजुट होकर पाकिस्तान की निंदा करेंगें तो पाकिस्तान की हरकतों में सुधार तो आएगा ही, साथ ही किसी भी दल से देश का वोटर भी कतई भी नहीं नाराज होगा।

## शार्ट न्यूज

### पीलीभीत में सड़क हादसे में दो कांवडिये घायल

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के अमरिया कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को दो बाइकों की भिड़ंत में दो कांवड़िये घायल हो गये। हादसे के बाद आक्रोशित कांवड़ियों ने पीलीभीत- हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सड़क दुर्घटना मे घायल हये दोनो कांवड़िये माधोटांडा थाना क्षेत्र के जमुनिया खास गांव के निवासी सगे भाई संजीव और भानु प्रताप है। दोंनो शनिवार को देर शाम हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर जल लेने के लिए बाइक से रवाना हुए थे। दोनों कांवड़ियों को जलाभिषेक करने के लिए बरेली के अलखनाथ मंदिर जाना था। कावड़ियों की मानें तो तेज बारिश में गूगल मैप बंद हो जाने के कारण दोनों कांवड़िया रास्ता भटक गए। सोमवार दोपहर 12 बजे जैसे ही बाइक सवार दोनों सगे भाई जल लेकर अमरिया थाना क्षेत्र के हरिद्वार नेशनल हाईवे पर आए तो सामने से एक बाइक सवार किशोर आ गया। किशोर को बचाने के चक्कर में बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना मे बाइक सवार दोनों कांवरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची अमरिया कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती करा दिया है।

### हरदोई में कार पेड़ से टकरायी, तीन मरे

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में रविवार और सोमवार की रात एक कार के पेड़ से टकराने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के महोलिया शिवपार निवासी व्यवसायी अरुण कुमार गुप्ता अपने चार दोस्तों के साथ बीती देर रात कहीं जा रहे थे कि हरदोई-शाहजहांपुर रोड पर चौपाल सागर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे सभी घायलों को निकाल कर उपचार के लिए स्थानीय मेडिकल कॉलेज भेजा जहां अरुण कुमार गुप्ता और गोलू गुप्ता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल तीन लोगों को उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया लेकिन रास्ते में राज सिंह की मृत्यु हो गई। बाकी दो घायलों का उपचार चल रहा है।

### मेरठ में 200 किलो अवैध पटाखे जब्त

**मेरठ।** मेरठ में पुलिस ने मवाना के सठला गांव से 200 किलो अवैध पटाखे बरामद किए हैं। दो दिन पहले इसी गांव के एक मकान में पटाखों के कारण अचानक ब्लास्ट हुआ और पूरा मकान ढह गया। इसके बाद पुलिस लगातार यहां अवैध पटाखों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी क्रम में पूरे गांव के घर-घर में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। इसमें 200 किलो अवैध पटाखे बरामद किए। चैकिंग के दौरान घरों में बारूद बनता मिला। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। पुलिस ने अवैध पटाखों को जब्त कर लिया है। वहीं यह सर्चिंग अभियान अभी जारी है जो अन्य गांवों में भी चलेगा। बता दें कि दो दिन पहले इसी गांव के एक बंद मकान में अचानक विस्फोट हुआ और मकान गिर गया था। जांच में विस्फोट का कारण अवैध पटाखे और बारुद मिलना बताया जा रहा है। इसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही थी। 3 लोगों को पुलिस अरेस्ट कर चुकी है। अन्य को पकड़ने के प्रयास हो रहे हैं। डीएम दीपक मीणा ने बताया कि पुलिस, प्रशासन ने सठला गांव में 3 अभियुक्तों को अवैध पटाखा बनाने के मामले में अरेस्ट किया है। अन्य लोगों को भी पकड़ने का अभियान चल रहा है। 200 किलो अवेध पटाखे बरामद भी किए हैं। लगातार ये अभियान जिले के सभी गांवों में चलेगा।

### किशोरी का अपहरण के बाद रेप करने वाला गिरफ्तार

ललितपुर। ललितपुर में किशोरी का अपहरण कर रेप करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक ने बताया कि इस मामले में उसके जीजा ने सहयोग किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी के जीजा की तलाश में जुट गई है। अपरहण और रेप के आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में क्षेत्राधिकारी तालबेहट ने बताया कि 7 जुलाई को एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी को थाना जखौरा के ग्राम पिपराघाट निवासी 22 वर्षीय देवेंद्र कुशवाहा पुत्र हीरालाल अपरहण कर ले गया था। परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बीते दिनों लड़की को बरामद कर लिया था। इस दौरान पीड़िता ने बताया था कि युवक ने उसके साथ रेप किया है, जिसके बाद पीड़िता किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर ग्राम तरगुवां रेलवे क्रासिंग के पास कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तालबेहट विनोद कुमार मिश्रा अपने हमराहियों के साथ आरोपी की तलाश में चेकिंग कर रहे थे तभी एक युवक आता हुआ दिखाई दिया।

### रामपुर में किसान यूनियन का जोरदार प्रदर्शन

**रामपुर।** रामपुर में किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बिलासपुर गेट बिजलीघर परिसर में एकत्रित हुए। नए कनेक्शन देने पर सुविधा शुल्क मांगने पर जेई और स्टाफ के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।चेतावनी दी कि यदि बिजली विभाग ने जांच कर नियमानुसार कनेक्शन नहीं दिए तो बिजली विभाग के पुतले पूरे जिले में फूंके जाएंगे। इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा कि बिलासपुर गेट बिजलीघर का स्टाफ पूरी तरह से मनमानी पर उतारू है। यहां पर तैनात सभी कर्मचारी लोगों से पैसे लेकर बिजली चोरी कराते हैं। यदि कोई नियम अनुसार कनेक्शन लेकर बिजली जलाना चाहे तो उसको कनेक्शन नहीं दिया जाता। यदि कोई सुविधा शुल्क दे दे तो उसको निर्धारित दूरी से अधिक भी कनेक्शन दे दिया जाता है। बिलासपुर गेट बिजलिघर के स्टाफ ने एक विधवा महिला से सुविधा शुल्क के रूप में 2000 रुपए मांगे थे। न देने पर उसको कनेक्शन नहीं दिया, जिसको किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

### हापुड़ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

**हापुड़।** हापुड़ में सिंभावली पुलिस और कार सवार लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपियों के कब्जे से एक कार फर्जी नम्बर प्लेट लगी, अवैध असलहा, एक अवैध चाकू एवं पीली धातु के आभूषण बरामद किए गए हैं। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि सिंभावली पुलिस गांव वैट के मोड़ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार आते हुए दिखाई दी। इस संदिग्ध कार को रोकने का पुलिस टीम ने प्रयास किया तो आरोपी सिखैड़ा नया बास की तरफ जाने लगे। पुलिस पार्टी ने पीछा किया तो आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में तीन बदमाश घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि सिंभावली क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में यह बदमाश शामिल थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी धौलाना क्षेत्र के रहने वाले ग्राम राशिद, शाकिर, ढुल्लू हैं। जबकि चौथा आरोपी सुहेल है।

### उन्नाव में तेजी से बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

उन्नाव। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण शुक्रवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। इसके बाद प्रशासन ने खानापूर्ति करते हुए सिर्फ मिश्रा कॉलोनी स्थित नवीन बाढ़ केंद्र का ताला खुलवाया था। चेतावनी बिंदु के ऊपर गंगा का पानी बह रहा है इसके बावजूद अभी तक प्रशासन से कोई भी तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा। इससे यहां के रहने वाले लोगों को भारी मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं। इतना ही नहीं सैकड़ों ऐसे मकान हैं जिनमें घरों के अंदर कमर तक पानी भरा हुआ है। प्रशासन ने आवागमन के लिए नावें तक नहीं लगवाई हैं। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से प्रतिदिन कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे शुक्लागंज की ओर चेतावनी बिंदु 112 मीटर पारकर गंगा का जलस्तर रविवार सुबह 8: 00 बजे 112.150 मीटर दर्ज किया गया।

# हर जरूरतमंद को मिले पक्के आवास की सुविधा : मुख्यमंत्री

**जनता दर्शन में 500 लोगों की समस्याएं सुनीं सीएम योगी ने, निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान देवरिया से आई एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत मंडलायुक्त को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

### पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के खुर्जा नगर क्षेत्र में पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद बाइक सवार लुटेरे को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, एक जोड़ी कुण्डल(पीली धातु), मोबाइल व बाइक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक देहात बजरंगबली चौरसिया ने बताया कि जिले मे वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 23/24 जुलाई की रात्रि में थाना खुर्जा नगर पुलिस शिकारपुर तिराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग में व्यस्त थी कि तभी एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो बदमाश बाइक को तेजी से भगाने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया गया तो बरौली कट के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकों गिरफ्तार कर लिया गया तथा एक बदमाश जंगल की तरफ भागने में सफल रहा जिनकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# साहब सिंह समेत कई नेता भाजपा में शामिल



लखनऊ। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता में सेंध लगाने का एक और सफल प्रयास करते हुये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री साहब सिंह समेत विपक्षी दलों के कई नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा के साहब सिंह, सुषमा पटेल,शालिनी यादव और जगदीश सिंह सोनकर के अलावा राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राजपाल सैनी समेत कई नेताओं को पटका पहना कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर चौधरी ने कहा भाजपा परिवार में आप सभी का आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी राष्ट्रहित में अनवरत कार्य कर रही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के अद्भुत एवं प्रेरणादायी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका अवश्य सुनिश्चित करेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान सपा से किनारा कर एक बार फिर भाजपा नीति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुये थे। साहब सिंह 2012 में तत्कालीन अखिलेश सरकार में कबीना मंत्री बनाये गये थे वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में खासी पैठ रखने वाले राजपाल सैनी को पिछले साल हुये विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पडा था।

## औरैया में लापता किशोरी का शव तालाब में उतराता मिला

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के अजीतमल क्षेत्र में पिछले दो दिन से लापता एक किशोरी का शव सोमवार सुबह तालाब में उतराता मिला।

परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दो दिन पूर्व गुमशुदगी दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद किशोरी को ढूढंने का प्रयास नही किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगूपुर निवासी विमल कुमार गुजरात मे रहकर रंगाई-पुताई का काम करता है। गांव में घर पर उसकी पत्नी पिंकी,पुत्री शिवानी (17), पुत्र शिवम और सनम रहते है। पुत्री शिवानी पास में ही स्थित ओम प्रकाश चौबे महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष में पढ़ रही थी। शनिवार की शाम शिवानी अचानक लापता हो गयी थी। जिसके बाद उसकी माँ ने पिता को पुत्री के लापता होने की सूचना दी। इस बीच विमल भी गुजरात से गांव पहुँच गया। रविवार को शिवानी की माँ पिंकी ने गांव के ही रहने वाले रोहित पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार की सुबह गांव के तालाब में लोगों ने किशोरी का शव उतराता देखा। जिसके बाद पिंकी ने उसकी पहचान अपनी पुत्री शिवानी के रूप में की।

सूचना मिलते ही सीओ भरत पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तो गुस्साए परिजनों ने शव नहीं उठने दिया और आरोपी की गिरफ्तारी करने की मांग करने लगे। कुछ समय बाद एसपी चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे।

# 5 लोगो को कार ने कुचला, 3 की मौत

**अलीगढ़ में सेना की तैयारी कर रहे थे युवा, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल**

अलीगढ़। अलीगढ़ के गोंडा थाना क्षेत्र में सुबह सेना की तैयारी करने वाले 5 युवाओं को कार ने कुचल दिया। पांचों युवा सेना भर्ती की तैयारी कर रहे थे और दौड़ बनाने के लिए आपस में रेस कर रहे थे।

इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ़्तार कार ने उन्हें कुचल दिया।

कार की टक्कर के कारण पांचों युवा गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क बेहोश होकर गिर गए। वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों ने इसी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान 3 की मौत हो गई। वहीं दो का इलाज जारी है।




#### हर दिन दौड़ लगाने निकलते थे युवा

गोंडा के नयावास निवासी पांच युवा विकास, वीकेस, जितेंद्र, अभिषेक और मोहित पांचों दोस्त थे। यह हर दिन सुबह दौड़ लगाने के लिए निकलते थे और आपस में रेस करते थे। सोमवार सुबह भी 5 बजे यह दौड़ लगाने के लिए ही निकले थे। वह नहर के किनारे-किनारे दौड़ रहे थे।

पांचों युवा नयावास नहर के पास संतोष ढ़ाबे के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें टक्कर मारी और कुचलते हुए आगे निकल गई। जिसमें विकास (18) पुत्र सुरेश मालन, वीकेस (16) पुत्र उदयवीर सिंह और जितेंद्र (17) पुत्र विनोद कुमार की मौत हो गई। वहीं अभिषेक पुत्र हीरालाल और मोहित पुत्र राजू की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलने पर सभी के परिवार जन मौके पर पहुंच गए। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और रास्ते पर जाम लग गए। लोगों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जिसके बाद उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वहीं तीनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

#### कार चालक की तलाश में जुटी पुलिस

युवाओं को रौंदने के बाद आरोपी कार चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस ने अन्य थानों को भी सूचित कर दिया है। सीओ इगलास डॉ कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि पांचों घायलों को अस्पताल भेजा गया था, जिसमें से 3 की मौत हो गई है।

# मेरठ में 3 बच्चों की मां की हत्या

**गले पर मिले निशान,सामूहिक दुष्कर्म की आशंका**



मेरठ। मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालत में जंगल में लाश मिली है। महिला के गले पर निशान मिले हैं। गले पर दुपट्टा लिपटा हुआ था, जिसमें गांठ लगी थी। शव को देखकर ऐसा लग रहा है मानो गला घोंटकर मारा गया है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं महिला के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। सामूहिक दुष्कर्म की आशंका भी जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से जांच पड़ताल कर नमूने लिए है। माना जा रहा है कि किसी ने दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी इसके बाद जंगल में शव छोड़ दिया है।

#### सुबह 6 बजे खेतों में निकली थी महिला

इंचोली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अनुसूचित जाति की महिला अपने खेतों पर काम करने के लिए निकली थी। पति उससे पहले खेत पर जा चुका था। दोपहर तक खेतों पर नहीं पहुंचने पर पति घर आया और बच्चों से पूछताछ की तो बताया कि मम्मी तो अभी खेत से लौटी नहीं। सुबह 6: 00 बजे ही घर से निकल गई थी। परिजनों, ग्रामीणों ने मिलकर महिला की तलाश की। दोपहर 1.30 बजे घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर मुख्य रास्ते से करीब 50 मीटर अंदर ईंख के खेत में महिला का शव पड़ा मिला।

#### गले में दुपट्टे का फंदा मिला

महिला के गले में दुपट्टे से फंदा लगा हुआ था। चेहरे, हाथों पर चोट के निशान थे। सूचना पर इंचोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। और परिजनों से पूछताछ की। वही फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। सूचना पर सीओ सदर देहात देवेश सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों द्वारा इंचोली थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या वह सामूहिक दुष्कर्म की आशंका की तहरीर दी गई है।

### बारिश ना होने से सूखने लगी धान की फसल

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती मंडल के तीनों जिलों बस्ती,सिद्धार्थनगर तथा सन्तकबीरनगर में बारिश ना होने से धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है मौसम विभाग के सूत्रों ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि बस्ती मंडल में अभी तक लगभग 130 मिलीमीटर बारिश हुई है। बीते एक हफ्ते से बारिश ना होने से धान की फसल सूखने के आधार पर पहुंच गई है। खेतों में दरारें पड़ने शुरू हो गए हैं जिससे किसान बेहद चिंतित हैं। बीते एक हफ्ते से धूप छांव का खेल निरंतर चल रहा है बारिश ना होने से गर्मी तथा उमस बढ़ गई है। जुलाई माह में औसतन लगभग 330 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## उन्नाव में पुलिस अधिकारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के सफीपुर कोतवाली के प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बीती रात गश्त से लौटने के बाद एसएचओ ने अपने सरकारी आवास पर पहुंच कर फांसी लगा ली। हमराही सिपाहियों की माने तो गश्त से लौटने के बाद उन्होंने 12 बजे वापस हमराहियों को आने के लिए कहा था। घटना रात लगभग 11 बजे के की बताई जा रही है।

घटना की जानकारी तब हुई जब थाने का सिपाही सरकारी आवास पहुंचा और अंदर से आवाज न मिलने पर अन्य स्टाफ को जानकारी दी। इसके बाद दरवाजा तोड़कर जब देखा गया तो वह फंदे से लटकते दिखाई दिए। आनन फानन उन्हें उतारकर सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एसएचओ के फांसी लगाने और मौत होने की सूचना मिलते ही एसपी एएसपी के साथ सीओ सिटी और सीओ सफीपुर भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया।

वर्ष 2012 बैच के आश्रित कोटे से दरोगा पद पर भर्ती हुए अशोक कुमार वर्मा मूलत: अमरोहा जिले के रहने वाले हैं।

## पत्नी ने घर में लगाई-आग, पति ट्रेन के आगे कूदा

आगरा। आगरा में पत्नी से परेशान होकर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

युवक के परिजनों ने बहू और मायके वालों के खिलाफ सोमवार को मुकदमा दर्ज कराया है। ससुराल वालों का कहना है कि बहू अक्सर हंगामा करती रहती है। वह झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती थी। दो दिन पहले ही बहू मीरा ने अपने हाथ-पैर धारदार हथियार से काट लिए थे और घर में भी आग लगा दी थी। जिससे परेशान होकर बेटे ने सुसाइड कर लिया।

मामला सिकंदरा इलाके के अरसैना गांव का है। यहां के रहने वाले रूप सिंह की शादी नवंबर 2010 राजस्थान के भरतपुर की मीरा से हुई थी। रूप सिंह ने शनिवार की रात को ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

# लखीमपुर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

**गोरखपुर विवि के वीसी और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंककर की नारेबाजी**

लखीमपुर-खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखीमपुर नगर के कार्यकर्ताओं ने गोरखपुर विश्वविद्यालय के वीसी और गोरखपुर पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया। इस दौरान छात्रों ने गोरखपुर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

विभाग संयोजक अमन गुप्ता ने बताया कि बढ़ी हुई फीस कम करने की मांग को लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्रहित में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे



छात्रों और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और उन पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने से स्पष्ट हो जाता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस कितनी गंभीर है। उस घटना के विरोध में एबीवीपी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने गोरखपुर पुलिस के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

नगर मंत्री शिखर तिवारी ने बताया कि गोरखपुर पुलिस ने अपना स्वाभिमान भ्रष्ट और तानाशाह कुलपति को सौंप दिया है। आंदोलन प्रमुख मानस ठाकुर ने बताया की गोरखपुर पुलिस द्वारा छात्रों के साथ बर्बरता पूर्ण दुर्व्यवहार निंदनीय है।

## फिरोजाबाद में मणिपुर हिंसा का किया विरोध

फिरोजाबाद। मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर सियासत गर्मा रही है। बीते दिनों कांग्रेस एवं सपा के प्रदर्शन के बाद आम आदमी पार्टी ने मणिपुर मामले पर केंद्र सरकार को घेरते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें मणिपुर की प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने एवं दोषियों को सजा दिलाए जाने की मांग की है। आज आप कार्यकर्ताओं ने नगला बरी चौराहे पर विरोध-प्रदर्शन किया। केंद्र



सरकार एवं प्रधानमंत्री के विरोध में तीखी नारेबाजी करते हुए तख्तियों के बीच में आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने केंद्र सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि मणिपुर जल रहा है, लेकिन केंद्र सरकार नींद में है। इस पूरे मामले में केंद्र की भूमिका को भी सवालों के घेरे में खड़ा करते हुए आप नेताओं ने कहा कि मणिपुर में हिंसा में अभी तक 150 लोगों की मौत हो चुकी है।

हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। करोड़ों की संपत्ति नष्ट हो गई है। महिलाओं के सथ यौन हिंसा की तस्वीरें दहला देने वाली हैं, लेकिन केंद्र सरकार मौन साधे हुए है।

### प्रेमानंद महाराज के बारे में उड़ी अफवाह

मथुरा। संत प्रेमानंद महाराज के गोलोक गमन की अफवाह सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है। दो दिन से फैल रही इस अफवाह को लेकर प्रेमानंद महाराज के आश्रम ने कहा कि यह असमाजिक तत्वों की करतूत है। महाराज जी पूरी तरह से स्वस्थ हैं। सोशल मीडिया पर की गई इस तरह की पोस्ट करने वालों के बारे में जानकारी की जा रही है।

### मेरठ में बड़े भाई की गोली मारकर हत्या

मवाना। मवाना क्षेत्र के गांव सठला में छोटे भाई ने बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर थाना पुलिस और सीओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से हत्या का कारण जानने का प्रयास किया लेकिन, अभी कुछ पता नहीं चल सका। बताया जा रहा है कि प्रॉपर्टी को लेकर भाई ने हत्या की है। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या के लिए देवर के अलावा अपने ससुर पर भी आरोप लगाए हैं। अभी हत्यारोपी भाई व पिता मौके से फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। मामला मवाना (मेरठ) थाना के गांव सठला का है। फिरोज उर्फ सोनू (26) का छोटे भाई जैद व पिता मुस्लिम से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक की पत्नी अलीना ने बताया कि फिरोज से उसकी लव मैरिज हुई थी। उसका ससुर व देवर 15 बीघा जमीन बेचना चाहते थे। जबकि फिरोज इस बात का विरोध कर रहा था। इसको लेकर सोमवार सुबह घर में फिरोज और देवर व ससुर के बीच झगड़ा हो गया था।

नई दिल्ली
मंगलवार 25 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### फोनपे ने ऐप पर लॉन्च किया आयकर भुगतान फीचर

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने आज अपने ऐप पर आयकर भुगतान सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह सुविधा करदाताओं, व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को सीधे फोनपे ऐप से स्व-मूल्यांकन और अग्रिम टैक्स का भुगतान करने की अनुमति देता है। इससे टैक्स पोर्टल में लॉग इन करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, जिससे करदाताओं के लिए एक सहज और प्रभावी अनुभव होगा। इस सुविधा को सक्षम करने के लिए फोनपे ने डिजिटल बी2बी भुगतान और सेवा प्रदाता पेमेट के साथ साझेदारी की है। यूजर अपने क्रेडिट कार्ड या यूपीआई का उपयोग करके अपने टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। क्रेडिट कार्ड से भुगतान के साथ, उपयोगकर्ताओं को 45 दिन की ब्याज-मुक्त अवधि भी मिलती है और वे अपने बैंक के आधार पर अपने टैक्स भुगतान पर रिवार्ड पॉइंट प्राप्त कर सकते हैं। एक बार भुगतान हो जाने के बाद, करदाताओं को एक कार्य दिवस के भीतर पावती के रूप में एक यूनिक ट्रांजैक्शन रेफरेंस (यूटीआर) नंबर प्राप्त होगा। टैक्स भुगतान के लिए चालान दो कार्य दिवसों के भीतर उपलब्ध होगा।

### केनरा बैंक का मुनाफा 75 फीसदी उछला

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने इस वर्ष 30 जून को समाप्त तिमाही में 3535 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2022 करोड़ रुपये की तुलना में 75 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि 30 जून को समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 27.72 प्रतिशत बढ़कर 8666 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह राशि 6785 करोड़ रुपये रही थी। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में विभिन्न मदों में किये गये प्रावधानों में 26 प्रतिशत की कमी आयी है और कुल 2719 करोड़ रुपये के प्रावधान किये गये हैं जिसमें से गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के लिए 2418 करोड़ रुपये शामिल है। इस तिमाही में बैंक का सकल एनपीए 1.83 प्रतिशत घटकर 5.15 प्रतिशत पर आ गया और इस दौरान शुद्ध एनपीए भी 91 आधार अंक कम होकर 1.57 प्रतिशत पर रहा।

### चावल - निर्यात पर पाबंदी से 20 लाख टन के ऑर्डर पर संकट : व्यापारी

हैदराबाद। दक्षिण के एक प्रमुख चावल निर्यातक का कहना है कि भारत से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के निर्णय से करीब 8,200 करोड़ रुपये मूल्य के 20 लाख टन के निर्यात ऑर्डर के तत्काल रद्द होने का खतरा है। हैदराबाद की प्रमुख चावल निर्यातक फर्म डेक्कन ग्रेन्ज़ इंडिया के निदेशक किरण कुमार पोला ने सोमवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि चावल के वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। देश से हर महीने पांच लाख टन गैर-बासमती चावल दूसरे देशों को जाता है। उन्होंने कहा कि गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी के 20 जुलाई के आदेश से कम से कम 20 लाख टन चावल के निर्यात के आर्डर के रद्द होने का संकट तत्काल खड़ा हो गया है। सरकार ने घरेलू बाजार में चावल के भावों में तेजी के मद्देनजर निर्यात पर पाबंदी का कदम उठाया है ताकि कीमतों को शांत रखा जा सके। वर्ष 2023-24 के रबी सीजन के धान की फसल खराब होने के कारण पिछले तीन महीनों में घरेलू चावल की कीमतों में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार का मानना है कि निर्यात को प्रतिबंधित करके कीमतों को नियंत्रित करने के लिए घरेलू आपूर्ति बढ़ाई जा सकती है।

### तीन तिमाहियों के बाद गोल्ड ईटीएफ में 298 करोड़ निवेश, निवेशकों ने लगाए 43800 करोड़

नई दिल्ली । गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों (ईटीएफ) में अप्रैल-जून की तिमाही में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इससे पहले लगातार तीन तिमाहियों के दौरान निकासी हुई थी। हालांकि, एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में निवेश 80 फीसदी घट गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुताबिक, मार्च तिमाही में गोल्ड ईटीएफ से 1,243 करोड़, दिसंबर तिमाही में 320 करोड़ और सितंबर तिमाही में 165 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। जून, 2022 को समाप्त तिमाही में ईटीएफ में 1,438 करोड़ निवेश आया था। गोल्ड ईटीएफ फोलियो की संख्या 1.5 लाख बढ़कर 47.52 लाख हो गई। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में इस महीने में अब तक 43,800 करोड़ का निवेश किया है। इसके साथ ही इस वर्ष में कुल निवेश 1.20 लाख करोड़ के पार पहुंच गया।

### सस्ते मकानों की बिक्री में 18 फीसदी गिरावट, दिल्ली-एनसीआर में भी 38.6 फीसदी की कमी

नई दिल्ली। देश के शीर्ष सात शहरों में जनवरी-जून के दौरान सस्ते मकानों की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक, कम आपूर्ति और ब्याज दरों में वृद्धि से जनवरी-जून में 40 लाख रुपये से कम कीमत वाले सिर्फ 46,650 मकान ही बिके। एक साल पहले समान अवधि में 57,060 मकान बिके थे। आंकड़ों के मुताबिक, मकानों की कुल बिक्री में सस्ते मकानों का हिस्सा घटकर जनवरी-जून, 2023 में 20 फीसदी पर आ गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 31 फीसदी था। कुल 2.28 लाख घर इस साल जनवरी-जून के बीच बिके, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.84 लाख थे। आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-जून में सस्ते मकानों की बिक्री 38.6 फीसदी घटकर 8,680 इकाई रह गई। मुंबई महानगर क्षेत्र में बिक्री मामूली घटकर 17,470 इकाई रही। बंगलूरू में इन मकानों की मांग 3,990 से घटकर 3,270 इकाई रह गई।

### सर्वर कंपनी के आईपीओ अलॉटमेंट की आज डेट

घरेलू सर्वर बनाने वाली कंपनी नेटवेब टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड के IPO का कल यानी 24 जुलाई को अलॉटमेंट होने वाला है। अलॉटमेंट होने के बाद निवेशक अपना अलॉटमेंट चेक कर सकेंगे। जैसे ही अलॉटमेंट फाइनल हो जाएगा Netweb Technologies India Limited के ऑप्शन ऑफिशियल साइट पर देखे जा सकेंगे। 17 जुलाई को ओपन हुए Netweb Technologies IPO को 90 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब किया गया। IPO 3 दिन के लिए ओपन हुआ था यानी निवेशकों ने 19 जुलाई तक बोली लगाई। ऐसे में जिन निवेशकों ने इसपर दांव लगाया था उनके लिए आज का दिन महत्वपूर्ण होने वाला है। कंपनी का IPO खुलने वाला है। बता दें कि नेटवेब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ की लिस्टिंग 27 जुलाई 2023 को होगी। आईपीओ BSE और NSE दोनों पर लिस्ट होंगे। कंपनी ने इश्यू प्राइस 475 से 500 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है यानी यह इसका प्राइस बैंड था और इसका लक्ष्य इस इश्यू से 631 करोड़ रुपये जुटाने का था। कंपनी को 3 दिनों के भीतर 90.36 गुना सब्सक्रिप्शन मिले।

### चीनी कार कंपनी बीवाईडी के प्लांट को भारत सरकार की ना

भारत ने चीनी कार कंपनी बीवाईडी के भारत में कार प्लांट बनाने के प्रपोजल को ना कह दिया है। बीवाईडीकी योजना भारत में एक बड़ा इलेक्ट्रिक कार प्लांट बनाने की थी। बीवाईडी एक भारतीय कंपनी की मदद से ऐसा करना चाहती थी, लेकिन भारत सरकार ने इस विचार को मंजूरी नहीं दी। इसलिए, योजना खारिज कर दी गई, और संयंत्र भारत में नहीं बनाया जाएगा। भारत सरकार ने चीनी कार कंपनी, बीवाईडी और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड नाम की भारतीय कंपनी की योजना को ना कह दिया। सरकार देश की सुरक्षा को लेकर चिंतित है, इसलिए उन्होंने इस योजना को अनुमति नहीं दी। इसका एक कारण यह था कि चीनी कंपनी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक भारत के लिए असुरक्षित हो सकती है। आम तौर पर जब विदेशी कंपनियां भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग में निवेश करना चाहती हैं तो उन्हें अनुमति नहीं लेनी होती है। लेकिन अगर कंपनी ऐसे देश से है जिसकी सीमा भारत (जैसे चीन) के साथ लगती है, तो उन्हें सुरक्षा कारणों से सरकार के विदेश और गृह मंत्रालय से मंजूरी लेनी होती है।

# आईटीसी ने बिगाड़ा शेयर बाजार का मिजाज, सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम



मुंबई। होटल कारोबार के डिमर्जर से आईटीसी के शेयरों में करीब चार प्रतिशत की गिरावट ने शेयर बाजार का मिजाज बिगाड़ दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी आज लगातार दूसरे दिन भी गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 299.48 अंक लुढ़ककर 66,384.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.65 अंक टूटकर 19,672.35 अंक पर आ गया। वहीं, बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत की तेजी लेकर 29,634.85 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत बढ़कर 34,172.03 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3855 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1939 में बिकवाली जबकि 1760 में लिवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 24 कंपनियां लाल जबकि 25 हरे निशान पर रही वहीं शेष दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में गिरावट रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.36, ऊर्जा 0.58, एफएमसीजी 1.74, वित्तीय सेवाएं 0.05, दूरसंचार 0.18, बैंकिंग 0.55, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.30, धातु 0.62 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.56 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.09 और जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 2.13 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 55 अंक उतरकर 66,629.14 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,808.56 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 66,326.25 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 66,684.26 अंक की तुलना में 0.45 प्रतिशत टूटकर 66,384.78 अंक पर रहा।

निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19,748.45 अंक पर सपाट खुला। सत्र के दौरान यह 19,782.75 अंक के उच्चतम जबकि 19,658.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,745.00 अंक की तुलना में 0.37 प्रतिशत गिरकर 19,672.35 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में आईटीसी 3.87, कोटक बैंक 3.80, टेक महिंद्रा 2.80, जेएसडब्ल्यूएस 1.38, टाटा स्टील 1.03, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.91, मारुति 0.80, नेस्ले इंडिया 0.58, आईसीआईसीआई बैंक 0.49, एचसीएल टेक 0.36, विप्रो 0.09 और बजाज फाइनेंस 0.04 प्रतिशत शामिल रही। वहीं मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडसइंड बैंक 2.01, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.56, एलटी 0.74, टीसीएस 0.73, टाटा मोटर्स 0.55, एनटीपीसी 0.54, इंफोसिस 0.51, एसबीआई 0.44, एचडीएफसी बैंक 0.19 और एक्सिस बैंक 0.02 प्रतिशत शामिल है।

# टाटा स्टील के पहले तिमाही के समेकित लाभ में 92 प्रतिशत की गिरावट




मुंबई। दिग्गज इस्पात विनिर्माता समूह टाटा स्टील का समेकित लाभ चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जून में समाप्त पहली तिमाही एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 92 प्रतिशत सिमट कर करीब 634 करोड़ रुपये रह गया। वैश्विक स्तर पर कारोबार करने वाली इस कंपनी ने पिछले वर्ष इसी दौरान समेकित रूप से 7,765 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

आलोच्य अवधि में कपनी का समेकित परिचालन राजस्व भी सालाना आधार पर छह प्रतिशत घट कर करीब 59,490 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व 63,430 करोड़ रुपये था। तिमाही दर तिमाही आधार पर लाभ में 63 प्रतिशत और राजस्व में पांच प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने सोमवार को कंपनी के एकल आधार पर आडिट किए और समेकित आधार पर बिना आडिट किए गए वित्तीय परिणामों को जारी किए।

ब्रिटेन में स्टील उद्योग की पेंशन योजना के साथ लेन-देन से संबंधित लंबित कर-अधिभार के चलते पहली तिमाही के समेकित लाभ पर प्रभाव पड़ा है। कंपनी के समेकित परिणाम में पहली तिमाही में पिछले वर्षों से संबंधित कुल करीब 116 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि एक वर्ष पहले इस मद पर करीब सात करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

कंपनी के बयान के मुताबिक उसके निदेशक मंडल ने श्री तचत विश्वनाथ (टीवी) नरेंद्रन को पुनः कंपनी के वैश्विक सीईओ और प्रबंध निदेशक के पद पर पांच साल के लिए नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह प्रस्ताव शेयरधारकों की स्वीकृति के बाद लागू होगा।

एकल आधार पर टाटा स्टील कंपनी ने पहली तिमाही में शुद्ध लाभ करीब 4271 करोड़ रुपये दिखाया है जो एक साल पहले के 6114 करोड़ रुपये की तुलना में 30 प्रतिशत कम है।

पहली तिमाही में कंपनी की एक आधार पर परिचालन आय करीब 32,342 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 32,021 करोड़ रुपये थी।

## नौ वर्षों में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 160 प्रतिशत बढ़कर 16.61 लाख करोड़ के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले नौ वर्षों में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 160.17 प्रतिशत बढ़कर 1661428 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है जबकि वर्ष 2013-14 में यह राशि 638596 करोड़ रुपये रही थी।

वित्त मंत्रालय ने 164वें आयकर दिवस के मौके पर इसको लेकर ट्विटर पर कई ट्विट किये। इसमें कहा गया है कि राजस्व संग्रह में आयी तेजी से संग्रह लागत में भी कमी आयी है। इसमें कहा गया है कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2013-14 में 721604 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 2022-23 में 172.83 प्रतिशत बढ़कर 1968780 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 में प्रत्यक्ष कर जीडीपी अनुपात 5.62 प्रतिशत था जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 5.97 प्रतिशत पर पहुंच गया। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2013-14 में संग्रह लागत 0.57 प्रतिशत थी जो वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 0.53 प्रतिशत पर आ गयी।

मंत्रालय ने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2020 में फेसलेस अस्सेमेंट की प्रक्रिया शुरू की गयी थी जिसका परिणाम बेहतर रहा है। अब तक फेसलेस तरीके से 4.5 लाख अस्सेमेंट आर्डर पारित किये जा चुके हैं।

वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा शुरू की गयी है। दो से अधिक अपीलों का फेसलेस तरीके से निपटान किया जा चुका है।

मंत्रालय ने कहा कि 24 जुलाई 1860 को सर जेम्स विल्सन ने भारत में आयकर की शुरूआत की थी। हालांकि 1922 में इसको लेकर विस्तृत कानून बनाया गया था और उसी समय देश में आयकर विभाग का सिस्टम बना था।

## ईपीएफ खाताधारकों को 2022-23 के लिए मिलेगा 8.15 प्रतिशत ब्याज



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना के तहत अंशदाताओं के जमा पर वर्ष 2022-23 के लिए 8.15 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दी है।

श्रम मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सोमवार को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि सेवानिवृत्ति निधि प्रबंधक, ईपीएफओ ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को सदस्यों के खातों में अनुमोदित ब्याज दर जमा करने का निर्देश जारी कर दिया है।

ईपीएफओ ने जोनल और क्षेत्रीय कार्यालयों को आज जारी परिपत्र में कहा, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने सूचित किया है कि केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के पैरा 60 (1) के तहत ईपीसी योजना, 1962 के पैरा 60 के प्रावधानों के अनुसार ईपीएफ योजना के प्रत्येक सदस्य के खाते में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 8.15 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अप्रैल-मार्च 2022-23 के लिए संगठित क्षेत्र में कार्यरत ईपीएफ अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ जमा खातों पर 8.15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर जमा करने की सिफारिश की थी।

उल्लेखनीय है कि ईपीएफओ श्रम मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत काम करता है पर ईपीएफ के करीब छह करोड़ अंशधारकों को ब्याज जारी करने से पहले उसे वित्त मंत्रालय की स्वीकृति लेनी पड़ती है।

### बायजू ने बंगलुरु स्थित अपने दो दफ्तर खाली किए

नई दिल्ली। एडटेक कंपनी बायजू ने फंडिंग में देरी के बीच लागत में कटौती और लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए बेंगलुरु में अपने सबसे बड़े दफ्तर को खाली कर दिया है। बेंगलुरु में बायजू के तीन ऑफिस हैं। 5.58 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैले कल्याणी टेक पार्क स्थित दफ्त को खाली करा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि संकटग्रस्त एडटेक ने प्रेस्टीज टेक पार्क में स्थित एक अन्य कार्यालय का भी एक हिस्सा छोड़ दिया है। कंपनी ने इमारत की नौ में से दो मंजिलों को खाली कर दिया है। कंपनी ने कथित तौर पर कर्मचारियों को 23 जुलाई से अपने अन्य परिसरों से या अपने घरों से से काम करने को कहा है। बायजू के पास अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए देश भर में 3 लाख वर्ग फुट से अधिक किराए की जगह है। कार्यालय स्थान में विस्तार और कमी कामकाजी नीतियों और व्यावसायिक प्राथमिकताओं में बदलाव पर आधारित है, जो बहुत नियमित हैं और इसका उद्देश्य परिचालन क्षमता को बढ़ावा देना है।

# फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस ने विक्रेता अनुकूल नीतियों में किया विस्तार




बेंगलुरु। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अधिक समावेशी विक्रेता इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों को और मजबूत बनाने के इरादे से व्यापक स्तर पर विक्रेता केंद्रित नीतियों को पेश किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह पहल, देशभर में एमएसएमई को और मजबूत बनाएगी। फ्लिपकार्ट ज' पहल के तहत पेश ये नीतियां 2022 में शुरू किए गए पहलों की बुनियाद पर तैयार की गई हैं। यह प्रोग्राम कारोबारों को ऑनलाइन बिज़नेस के अवसरों का लाभ उठाने के साथ-साथ फ्लिपकार्ट के प्लेटफार्म पर कारोबार करने की सहूलियतों को और बढ़ावा देगा। इन नीतियों के लागू होने पर ऑनलाइन विक्रेता इकोसिस्टम, ई-कॉमर्स द्वारा प्रस्तुत संभावनाओं का लाभ उठाकर विकास के अगले चरण की ओर कदम बढ़ाएगा।

नई नीतियां विक्रेता इकोसिस्टम को अधिक स्पष्टता, नियंत्रण तथा पारदर्शिता जैसी खूबियों से लैस करते हुए सशक्त करेगा।

इस सिलसिले में, कीमतों से संबंधित अनुशंसाएं, प्रमोशंस, रिवार्ड्स प्लेटफार्म, फुलफिलमेंट और स्पीड इनीशिएटिव्स तथा गाइडेंस असिस्टेंस शामिल हैं, जो फ्लिपकार्ट प्लेटफार्म पर कीमतों के मोर्चे पर दक्षता और बिज़नेस ऑपरेशंस की सस्टेनेबिलिटी में सुधार लाने में मददगार साबित होंगी।

उसने कहा कि फ्लिपकार्टज के अंतर्गत नए फीचरों की पेशकश का मकसद विक्रेता कम्युनिटी के लिए निरंतर सपोर्ट प्रदान करने के साथ-साथ कारोबार करने की सहूलियतों को बढ़ावा देना और उनके निरंतर विकास में मदद देना शामिल है।

# बेन कैपिटल खरीदेगी अदाणी समूह की कंपनी में 90 फीसदी हिस्सेदारी




नई दिल्ली । अमेरिका स्थित प्राइवेट इक्विटी फर्म बेन कैपिटल ने अदाणी समूह की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी अदाणी कैपिटल और अदाणी हाउसिंग की 90 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसकी घोषणा 23 जुलाई को की गई। हालांकि मौजूदा प्रबंध निदेशक और सीईओ गौरव गुप्ता के पास बाकी 10 फीसदी हिस्सेदारी रहेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदाणी ग्रुप के वित्तीय सेवा कारोबार का कुल मूल्यांकन 1,600 करोड़ रुपये है। वहीं इस समझौते के साथ ही अदाणी परिवार ने अपने बैंकिंग कारोबार में अपनी लगभग सारी हिस्सेदारी बेच दी है। इनको 2017 में लॉन्च किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव गुप्ता के नेतृत्व में बेन कंपनी बैंकिंग कंपनियों की वृद्धि के लिए अतिरिक्त 983 करोड़ रुपये निवेश करेगी।

### गौतम अदाणी ने समझौते पर दिया बयान

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि मैं गौरव को उनके इन्वेस्टमेंट बैंकर के दिनों से जानता हूं। उन्होंने कहा कि वह एक एंटरप्रेन्योर बनना चाहते थे और मैंने उसका सपोर्ट किया। उन्होंने न केवल सेमी-अर्बन और ग्रामीण भारत में वंचितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अच्छा फाइनेंशियल बैंकिंग सर्विसेज बनाया है, बल्कि अदाणी ग्रुप में भी बहुमूल्य योगदान दिया है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि बेन कैपिटल जैसा विश्वसनीय निवेशक अब इसमें कदम रख रहा है और इससे व्यवसाय को यहां से कई गुना बढ़ने में मदद मिलेगी।

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयर धड़ाम से नीचे गिरे थे

इस साल जनवरी में शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में आरोप लगाए गए कि अदाणी समूह ने शेयरों में हेराफेरी की और कई सालों तक धांधली की। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद खूब हंगामा हुआ और अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर धड़ाम से नीचे आ गए।

### नए प्रोजक्ट पर फोकस कर रहा अदाणी ग्रुप

हालांकि अदाणी समूह ने निवेशकों का भरोसा जितने के लिए कई बड़े कदम भी उठाए। इसके साथ ही अदाणी ग्रुप अपने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बिजनेस पर फोकस कर रहा है, जिसमें मुंबई के बाहरी इलाके में एक नया एयरपोर्ट बनाना भी शामिल है।

### खाद्य तेलों में टिकाव, गुड़-चीनी महंगी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं गुड़ और चीनी महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों में मिलजुला रुख रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 89 रिंगिट उबालकर 4082 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.56 सेंट की तेजी के साथ 64.36 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 50 रुपये और गुड़ के भाव 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मसूर दाल में 200 रुपये और उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, चना, दाल चना, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

# शेयर बाजार लेनदेन में तुरंत निपटान पर हो रहा काम



एजेंसी

नई दिल्ली। सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि वित्तीय बाजार नियामक स्टॉक एक्सचेंजों में लेनदेन के तत्काल निपटान के लिए एक तंत्र पर काम कर रहा है। बुच ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निश्चित रूप से जिन चीजों के बारे में हम सोचते हैं कि वे बहुत दूर नहीं हैं, उनमें से एक स्टॉक एक्सचेंज के लिए तत्काल निपटान भी है।

उन्होंने आगे कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं, हम इस परिवेश के साथ जुड़े हुए हैं और हमारा मानना है कि निकट भविष्य में हमारे पास एक तंत्र होगा जो स्टॉक एक्सचेंजों पर लेनदेन के तत्काल निपटान की सुविधा प्रदान करेगा। हम इसी ओर जा रहे हैं।

इस साल जनवरी के अंत में भारत ने इक्विटी के लिए बाजार-व्यापी लेनदेन+1 (टी+1) निपटान प्रणाली का पालन करना शुरू कर दिया था। पहले, यह टी+2 चक्र में था। नई टी+1 प्रणाली पहली बार बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा 2021 में पेश की गई थी और इसे बाजार पूंजीकरण के आधार पर सबसे छोटी कंपनियों से लेकर बड़ी कंपनियों तक चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया है।

टी+1 प्रणाली का मतलब है कि लेनदेन एक दिन या 24 घंटे के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, टी+1 के तहत यदि किसी निवेशक ने सोमवार को शेयर खरीदा है, तो पैसा मंगलवार को ग्राहक के डीमैट खाते में जमा किया जाएगा।

एक बार तात्कालिक निपटान लागू हो जाने पर वास्तविक समय के आधार पर निवेशकों के हाथों में पैसा आ जाएगा।

वित्तीय बाजार नियामक सेबी के बोर्ड ने पिछले महीने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से किसी कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग की समय अवधि को मौजूदा छह दिनों से घटाकर तीन दिन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

## शार्ट न्यूज

### कोलंबो में पाकिस्तान फ्रंट फुट पर

कोलंबो। अबरार अहमद (69/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अब्दुल्लाह शफीक (74 नाबाद) और शान मसूद (51) के दमदार अर्द्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान दूसरे टेस्ट के पहले दिन सोमवार को श्रीलंका पर पूरी तरह हावी रहा। पाकिस्तान ने टॉस हारकर गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 166 रन पर ऑलआउट कर दिया। इसके बाद मेहमान टीम ने दिन का खेल खत्म होने से पहले दो विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिये और अब वह श्रीलंका की बढ़त समाप्त करने से सिर्फ 21 रन दूर है। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत नसीम शाह और शाहीन अफरीदी की स्विंग के साथ की। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज निशान मदुशंका एक दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट की भेंट चढ़ गये, जिसके कुछ देर बाद शाहीन ने कुसल मेंडिस को आउट किया। नसीम ने डिमुथ करुणारत्ने, एंजलो मैथ्यूज़ और दिनेश चांदीमल के रूप में श्रीलंका के सभी अनुभवी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखा गया। दिसंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में पदार्पण करने वाले अबरार ने इसके बाद मोर्चा संभाला। उन्होंने श्रीलंका के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले धनन्जय डी सिल्वा को आउट करने के अलावा सदीरा समरविक्रमा, रमेश मेंडिस और असिता फर्नांडो के विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी को समाप्त किया।

### करमन ने इवान्सविल में जीता ऐतिहासिक खिताब

इवान्सविल। भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन कौर थांडी ने यहां आयोजित आईटीएफ डब्ल्यू60 इवान्सविल के फाइनल में यूक्रेन की यूलिया स्तारोदुब्तसेवा को हराकर एकल खिताब जीत लिया है। राउंडग्लास अकादमी की करमन ने रविवार को हुए फाइनल में अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-1 से मात दी। इस जीत के साथ करमन सानिया मिर्जा के बाद अमेरिका में प्रो खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला बन गयीं। करमन ने फाइनल तक पहुंचने के लिये पहले राउंड में मेक्सिको की मारिया फर्नांडा नवारो और दूसरे राउंड में अमेरिका की मारिबेला ज़मारिप्पा को हराया था। क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की वाइल्ड कार्ड प्रवेशी एली किक को सीधे सेटों में हराने के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को मात दी थी। करमन वर्तमान में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में 261वें स्थान पर हैं और देश की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी हैं। वह हाल ही में कनाडा के सास्काटून चैलेंजर डब्ल्यू60 की युगल स्पर्धा और अमेरिका में आयोजित डब्ल्यू60 सुमेर पाल्मेटो प्रो ओपन की एकल स्पर्धा में उपविजेता रही थीं। करमन राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक और कोच आदित्य सचदेवा एवं उनकी टीम के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं।

### सऊदी के क्लब ने किलियन एम्बाप्पे के लिए खोला खजाना, रिकॉर्ड 2725 करोड़ का दिया ऑफर

पेरिस। फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे नए क्लब के तलाश में हैं। पेरिस सेंट जर्मेन से उनका करार अगले समाप्त होगा, लेकिन क्लब ने उन्हें नई टीम खोजने का आदेश दे दिया है। एम्बाप्पे को जापान दौरे के लिए भी नहीं चुना गया। क्लब ने उन्हें बेचने का फैसला कर लिया है। वह अब ट्रांसफर मार्केट में उपलब्ध हैं। इसी बीच, एम्बाप्पे को खरीदने के लिए सऊदी अरब के एक क्लब ने अपना खजाना खोल दिया है। उसने रिकॉर्ड 300 मिलियन यूरो ( करीब 2725 करोड़ रुपये) का ऑफर दिया है। एम्बाप्पे ने पिछले महीने कहा था कि वह जून 2024 के बाद वह पीएसजी के साथ अपना करार आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। उनके इस बयान से क्लब हैरान हो गया था। एम्बाप्पे ने 2022 में पीएसजी के साथ नया करार किया था। तब उन्होंने 2025 तक टीम के साथ रहने का वादा किया था। एम्बाप्पे और पीएसजी के बीच हुए करार के मुताबिक, 2024 तक एम्बाप्पे क्लब के खिलाड़ी रहेंगे। जून 2024 के बाद वह अपने करार को एक साल के लिए बढ़ा सकते हैं। अब एम्बाप्पे ने एक साल पहले ही क्लब को पत्र लिखकर बता दिया है वह जून 2024 के बाद करार को आगे नहीं बढ़ाएंगे। पीएसजी ने एम्बाप्पे के फैसले पर निराशा जाहिर की और उन्होंने इसी सीजन में उन्हें बेचने का फैसला किया।

### भारत एशियाई खेलों में करेगा श्रेष्ठ प्रदर्शन, सर्वाधिक पदक हासिल करेंगे : ठाकुर

मुंबई। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा है कि भारत आगामी एशियाई खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। एशियाई खेल इस साल सितंबर में चीन के हांगझोऊ में शुरू होंगे। अनुराग ने कहा, नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से पिछले नौ वर्षों में भारत में खेल का स्तर बदल गया है। यह हमारी रिकॉर्ड पदक तालिकाओं में दिखाई दे रहा है, चाहे वह ओलंपिक हो, पैरालंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल। मेरा मानना है कि हम इस बार एशियाई खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और सर्वाधिक पदक हासिल भी कर लेंगे। अनुराग ने यहां 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 72 स्कूली छात्रों को फिट इंडिया क्विज स्टेट राउंड के दूसरे संस्करण में उनकी सफलता पर सम्मानित किया। 72 छात्रों ने अपने-अपने राज्यों से शीर्ष सम्मान प्राप्त किया और अब वे फिट इंडिया क्विज के राष्ट्रीय दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के विजेता स्कूल को कुल 2.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिली। इसके अलावा स्कूल के दो छात्रों की टीम को कुल 25,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। राज्य के पहले उप-विजेता स्कूल को एक लाख रुपये और छात्रों को कुल 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि मिली।

### जूनियर एशियाई जूडो में भारत को पांच पदक

नई दिल्ली। भारत ने चीन के मकाउ में चल रही जूनियर एशिया कप जूडो चैंपियनशिप में रविवार को तीन स्वर्ण पदक सहित पांच पदक जीते। महिला 48 किग्रा वर्ग में अस्मिता डे ने स्वर्ण जीता जबकि उन्नति शर्मा (63 किग्रा) और अरुण कुमार (73 किग्रा) भी स्वर्ण जीतने के सफल रहे।अस्मिता शुरुआती दौर में ग्रुप-डी में शीर्ष पर रहीं। उन्होंने हांगकांग की सुएत यीयू टेंग को हराया और मुख्य वर्ग के पहले दौर में उन्हें बाई मिली। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एशलिन डो को हराने के बाद फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया की ही एनेलीस फील्डर को पछाड़कर स्वर्ण जीता। उन्नति ने ग्रुप-सी में स्थानीय दावेदार इयान आई लेई को हराकर नॉकआउट में जगह बनाई। उन्होंने इसके बाद मंगोलिया की मारलमा खुरेलचुलुन और ऑस्ट्रेलिया की राइली रामेटा को क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में हराकर खिताब जीता। अरुण ने भी ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस जियांटसियोस को हराकर अच्छी शुरुआत की। उन्होंने इसके बाद दक्षिण कोरिया के जिमिन लिम को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान पाया।

### रियल मैड्रिड-एसी मिलान मैच से पहले हादसा

नई दिल्ली। अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्पेन के क्लब रियल मैड्रिड और इटली के क्लब एसी मिलान के बीच दोस्ताना मैच खेला गया। दोनों टीमें प्री-सीजन टूर के लिए अमेरिका गई हैं। रियल मैड्रिड और एसी मिलान के बीच मैच से पहले रोज बाउल स्टेडियम में एक हादसा हुआ। इंग्लैंड के क्लब वेस्ट हैम के पूर्व गोलकीपर शाका हिसलोप लाइव शो के दौरान अचानक गिर गए। हिसलोप को तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी हालत स्थिर है। शाका हिसलोप ब्रॉडकास्टर ईएसपीएन के साथ फुटबॉल एक्सपर्ट के तौर पर जुड़े हैं। 54 साल के हिसलोप रियल मैड्रिड और एसी मिलान के बीच मैच से पहले डैन थॉमस के साथ बातचीत कर रहे थे। अचानक वह हंसते हुए नीचे गिर गए। इसे देखकर सभी हैरान हो गए। डैन थॉमस ने तुरंत ही सहायता मांगी और फिर हिसलोप को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने हाफटाइम के बाद दर्शकों को हिसलोप के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। थॉमस ने कहा कि घटना के बाद हिसलोप ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा, मेरे दोस्त साका यहां मौजूद नहीं हैं, लेकिन एक अच्छी खबर है। वह होश में हैं और बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वह इन सबके बारे में थोड़ा शर्मिंदा है। उन्होंने बहुत माफी मांगी है। वह ऐसा आदमी नहीं है जो पसंद करता हो कि लोग उसके बारे में हंगामा करें।

# यूटीटी सीजन-4 में बेंगलुरु स्मैशर्स ने पुनेरी पलटन को हराया

पुणे। भारतीय स्टार पैडलर मनिका बत्रा और नतालिया बाजोर ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे बेंगलुरु स्मैशर्स ने यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे-बालेवाड़ी में चल रहे अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन-4 में रविवार रात ब्लॉकबस्टर मुकाबले में पुनेरी पल्टन को 8-7 से मात दे दी।

फ्रेंचाइजी-आधारित लीग टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा किया जाता है।

पुनेरी पलटन को टाई जीतने के लिए केवल एक गेम जीतने की जरूरत थी जब नतालिया महिला एकल का आखिरी मैच खेलने के लिए आई और बेंगलुरु स्मैशर्स को लीग में बने रहने के लिए उसने अर्चना कामथ को 3-0 से हराया। पहले गेम में नतालिया ने 11-8 से रोमांचक जीत दर्ज की। उन्होंने जोरदार फोरहैंड के साथ सटीक बैकहैंड खेला और उसी स्कोरलाइन से दूसरा गेम जीत लिया। पोलिश पैडलर ने निर्णायक गेम में अपना धैर्य बनाए रखा और अपने पिनपॉइंट शॉट्स से इसे 11-9 से जीत लिया।

इससे पहले मनिका ने मुकाबले के दूसरे मैच में हाना माटेलोवा को 2-1 से हराकर सीजन 4 में बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए अपनी तीसरी महिला एकल जीत दर्ज की।




दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपने बैकएंड पर नियंत्रण रखते हुए पहला गेम 11-9 से जीत लिया, इसके बाद हाना ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम 11-8 से जीत लिया और मैच को निर्णायक गेम तक ले गईं। हालांकि भारत के सर्वश्रेष्ठ रैंक खिलाड़ी ने अपना ध्यान भटकने नहीं दिया और तीसरे गेम के साथ-साथ मैच भी 11-6 से अपने नाम कर लिया।

दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी किरिल गेरासिमेंको ने 2018 आईटीटीएफ अफ्रीकी-कप चैंपियन उमर अस्सर को 2-1 से हराकर बेंगलुरु फ्रेंचाइजी को बेहतरीन शुरुआत दी थी।

दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी उमर ने पहले गेम की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और फ्लैंक्स से गेम 11-8 से जीत लिया, इससे पहले किरिल ने आश्चर्यजनक वापसी करते हुए गोल्डन प्वाइंट के जरिए दूसरा गेम जीत लिया। तीसरा गेम भी गोल्डन पॉइंट तक गया जहां कज़ाक पैडलर ने गेम और मैच जीतने के लिए अत्यधिक मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया। मुकाबले के तीसरे मैच (मिश्रित युगल) में हाना और मानुष शाह ने मनिका और किरिल को 3-0 से हराया और पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस को प्रतियोगिता में वापसी की। बेंगलुरु स्मैशर्स की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन हाना और मानुष ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया। उन्होंने गोल्डन प्वाइंट के माध्यम से दूसरा गेम जीत कर जीत बरकरार रखी। तीसरा गेम भी 11-4 से हाना और मानुष के पक्ष में गया। पुनेरी पलटन टेबल टेनिस ने अपनी बढ़त को और बरकरार रखा, क्योंकि मानुष ने टाई के अंतिम मैच में जीत चंद्रा को 2-1 से हरा दिया।

## जीपीबीएल में हिस्सा ले सकेंगे बीएआई पंजीकृत खिलाड़ी

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के परिपत्रों को रद्द करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले ग्रां प्री बैडमिंटन लीग (जीपीबीएल) के दूसरे सीज़न में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएआई ने 10 अप्रैल और पांच जुलाई 2023 को जारी परिपत्रों में खिलाड़ियों गैर-मान्यता प्राप्त आयोजनों में हिस्सा न लेने की चेतावनी दी थी।

अदालत ने सोमवार को इन परिपत्रों के संचालन को निलंबित करते हुए बीएआई पंजीकृत खिलाड़ियों को जीपीबीएल सीज़न-2 में भाग लेने की अनुमति दी और बीएआई को खिलाड़ियों, कोचों, तकनीकी कर्मचारियों और सहायक कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया।




जीपीबीएल को अगले महीने होने वाले टूर्नामेंट के लिये खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के लिये 56 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित 450 से अधिक खिलाड़ियों के पंजीकरण प्राप्त हुए थे।

बीएआई द्वारा जारी परिपत्रों के कारण कई शीर्ष खिलाड़ी भाग लेने को लेकर संशय में थे। आयोजकों ने अब तक ई-मेल, पंजीकृत पत्र, फोन कॉल और मोबाइल संदेशों के माध्यम से जीपीबीएल की स्थिति पर स्पष्टता की मांग करते हुए पिछले एक साल के दौरान 40 से अधिक मौकों पर बीएआई से संपर्क किया था, हालांकि उसे कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

## मुरासिंह, उत्कर्ष ने पूर्व क्षेत्र को दिलाई जीत

पुडुचेरी। मणिशंकर मुरासिंह (29/3) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद उत्कर्ष सिंह (89) के अर्द्धशतक की बदौलत पूर्व क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में सोमवार को मध्य क्षेत्र को छह विकेट से मात दी। मध्य क्षेत्र ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 207 रन बनाये। पूर्व क्षेत्र ने 46.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। मध्य क्षेत्र की ओर से रिंकू सिंह ने 63 गेंद पर एक चौके और दो छक्कों की सहायता से 54 रन बनाये, जबकि टीम का कोई अन्य बल्लेबाज पचासा नहीं बना सका। मुरासिंह ने 10 ओवर में 29 रन देते हुए रिंकू सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया। आकाश दीप और शाहबाज़ अहमद को तीन-तीन विकेट हासिल हुए, जबकि उत्कर्ष ने एक विकेट चटकाया। पूर्व क्षेत्र के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे उत्कर्ष और अभिमन्यू ईश्वरन ने पहले विकेट के लिये 38 रन की साझेदारी की।

## ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी के लिये 34-सदस्यीय स्क्वाड घोषित

**नयी दिल्ली।** इस साल के अंत में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 2 में खेलने वाली सीनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिये 34 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एआईएफएफ ने बताया कि भारतीय महिलाएं 30 जुलाई से भुवनेश्वर में अपना शिविर शुरू करेंगी।

भारत एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप सी में जापान (26 अक्टूबर), वियतनाम (29 अक्टूबर) और मेजबान उज्बेकिस्तान (एक नवंबर) से भिड़ेगा। टूर्नामेंट का आयोजन 26 अक्टूबर से एक नवंबर के बीच ताशकंद के जेएआर स्टेडियम और बुनयोडकोर स्टेडियम में होगा। इस साल की शुरुआत में भारतीय टीम ने किर्गिज़ गणराज्य को 5-0 और 4-0 से हराकर ओलंपिक क्वालीफायर के राउंड 2 जगह बनायी थी। शिविर के लिए चयनित 34 संभावितों की सूची में गोलकीपर सौम्या नारायणसामी, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, श्रेया हुडा शामिल हैं। डिफेंडरों की सूची में लोइतोंगबम आशालता देवी, नगंगबम स्वीटी देवी, संजू, ऋतु रानी, सोरोखैबम रंजना चानू, मिशेल मार्गरेट कास्तन्हा, डालिमा छिब्बर, मनिसा पन्ना, अष्टम उरांव, जूली किशन, शिल्की देवी, जाबामनी टुडू शामिल हैं। मिडफील्ड की जिम्मेदारी प्रियंगका देवी, अंजू तमांग, इंदुमथी कथिरेसन, संगीता बासफोर, काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, असेम रोजा देवी और कार्तिका अंगमुथु के कंधों पर है। फॉरवर्ड पंक्ति के खिलाड़ियों में डांगमेई ग्रेस, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा कल्याण, अपूर्णा नारज़री, नेहा, सुमति कुमारी, रेणु, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, प्यारी ज़ाक्सा, ज्योति और नंगंगोम बाला देवी के नाम मौजूद हैं।

# अमेरिका ने साउथ कोरिया भेजी एक और परमाणु पनडुब्बी

**नॉर्थ कोरिया भागे सैनिक को वापस लाएगा अमेरिका; किम जोंग के अधिकारी नहीं कर रहे बात**

सियोल। अमेरिका ने सोमवार को एक और परमाणु पनडुब्बी साउथ कोरिया भेजी है। इसका नाम स्स एनापोलिस है। साउथ कोरिया भेजी गई ये अमेरिका की दूसरी परमाणु पनडुब्बी है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने 1983 के बाद पहली बार साउथ कोरिया में स्स केंटकी नाम की पनडुब्बी भेजी थी। तब नॉर्थ कोरिया ने साउथ कोरिया को परमाणु हमले की चेतावनी दी थी। साथ ही कई मिसाइलें भी दागीं थीं।

नॉर्थ कोरिया ने कहा था कि अमेरिका की इन हरकतों से कोरिया में परमाणु जंग का खतरा बढ़ता जा रहा है। एनापोलिस परमाणु पनडुब्बी को फिलहाल जेजू आईलैंड पर डॉक किया गया है। एनापोलिस का मेन मिशन दुश्मन के जहाजों और सबमरीन को तबाह करना होता है। वहीं, अमेरिका ने कहा है कि वो नॉर्थ कोरिया भागे अपने सैनिक को वापस लाने किम जोंग उन की सरकार से बातचीत कर रहे हैं।



### नॉर्थ कोरिया भागे अमेरिकी सैनिक पर चुप हैं किम जोंग उन

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि वो नॉर्थ कोरिया भागे अपने सैनिक ट्रेविस किंग की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि हम नॉर्थ कोरिया से बात करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन की तरफ से कोई बात नहीं की जा रही है।

एपी ने एनालिस्ट्स के हवाले से बताया है कि इस बात की काफी संभावनाएं हैं कि नॉर्थ कोरिया कई हफ्तों और महीनों तक अमेरिका से बात नहीं करेगा। न ही हिरासत में रखे गए अमेरिकी सैनिक को लेकर कोई जानकारी देगा। एनालिस्ट्स का कहना है कि ट्रेविस किंग के बदले नॉर्थ कोरिया अमेरिका से मांग करेगा कि वो साउथ कोरिया को दी जाने वाली मदद कम करे।

### शुक्र है उसे देखते ही गोली नहीं मारी

अमेरिका सेना में कमांडर रह चुके रिटायर्ड जनरल रॉबर्ट अब्राम्स ने बताया कि ये सेना से जुड़ी बड़ी बात है। उन्होंने कहा- मुझे ट्रेविस की चिंता है, लेकिन इस बात की खुशी है कि नॉर्थ कोरिया की सेना ने उसे देखते ही गोली नहीं मारी। ट्रेविस को पता चल रहा होगा की नॉर्थ कोरिया अपने देश में घुसने वाले लोगों को कितना गलत और गैरकानूनी व्यवहार करता है।

### पहले भी बॉर्डर पार कर नॉर्थ कोरिया भाग चुके अमेरिकी

1950 से 1953 तक एक-दूसरे के खिलाफ जंग लड़ चुके अमेरिका और नॉर्थ कोरिया के बीच संबंध अच्छे नहीं है। अमेरिका नॉर्थ कोरिया पर कई तरह की पाबंदियां लगा चुका है। ऐसे में किसी अमेरिकी सैनिक का बॉर्डर पार कर नॉर्थ कोरिया जाना बड़ी घटना है। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब कोई अमेरिकी भागकर नॉर्थ कोरिया चला गया हो।

1965 में अमेरिकी सार्जेंट चार्ल्स रोबर्ट जेनकिंस वियतनाम जंग में हिस्सा लेने से बचने के लिए नॉर्थ कोरिया भाग गए थे। इसके बाद उन्हें पूरे 39 साल बाद 2004 में नॉर्थ कोरिया से लौटने की इजाजत मिली थी। जापान लौटने के बाद उन्होंने बताया था कि उन्होंने नॉर्थ कोरिया के सैनिकों को इंग्लिश पढ़ाई थी।

2009 में लॉस एंजिल्स का एक मिशनरी रॉबर्ट पार्क चीन की तरफ से क्रिसमस के दिन नॉर्थ कोरिया में घुस गया। इस दौरान उसने हाथ में बाइबिल पकड़ी थी और वो चिल्ला-चिल्ला कर जीजस लव्स नॉर्थ कोरिया कह रहा था। रॉबर्ट पार्क को नॉर्थ कोरिया ने 43 दिन तक हिरासत में रखने के बाद देश से निकाल दिया।

वहीं, 2013 में एक युनिवर्सिटी ऑफ वर्जिनिया का एक छात्र मेरिल एडवर्ड न्यूमैन नॉर्थ कोरिया चली गई थी। जहां उसे पोस्टर चुराने के आरोप में 15 साल की सजा दी गई थी। हालांकि, 2017 में 17 महीने की जेल की बाद उसे छुड़ा लिया गया था। अमेरिका लौटने के कुछ ही दिनों बाद उसकी मौत हो गई ।

## अफगानिस्तान में सैलून बंद होने से 60 हजार नौकरियां हो जायेंगी समाप्त

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान प्रशासन द्वारा सैलून और ब्यूटी पार्लर बंद किये जाने के आदेश कारण देश में आगामी सप्ताह से तकरीबन 60 हजार नौकरियां समाप्त हो जाएंगी। दो वर्ष पहले तालिबान के दोबारा सत्ता में आने के बाद से सैलून चलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन पिछले महीने उसने महिलाओं के खुली जगहों पर जाने पर प्रतिबंधित लगा दिया था। उन पर पहले ही कक्षाओं, जिम और पार्कों में जाने से रोक लगाई हुई है। प्रशासन ने अब सैलून और ब्यूटी पार्लर को भी बंद कर करने का आदेश दिया है जिससे देश के करीब 60 हजार लोगों पर रोजगार का संकट पैदा हो गया है। अफगानिस्तान के कंधार में रहने वाली जर्मिना (23) का कहना हैं कि तालिबान प्रशासन का यहां पुरुषों द्वारा अपनी बेटियों के मेकअप करने या सौंदर्य प्रसाधन लगाने पर प्रतिबंध लगाना आम बात है। यहां ज्यादातर महिलाएं बुर्का या हिजाब पहनकर घूमती हैं। हमने इसे अपनी संस्कृति का हिस्सा मान लिया है। तालिबान के 2021 अगस्त में दोबारा सत्ता में आने के बाद आर्थिक संकट ने धीरे-धीरे यहां के आम जनजीवन को प्रभावित किया है। तब से महिलाओं की स्वतंत्रता लगातार कमी आ रही है। ब्यूटी पार्लर बंद किये जाने के आदेश को लेकर सभी महिलाएं आहत हैं। किसी को अपनी नौकरी गंवाने का डर है तो किसी को भविष्य में खुद को संवरते हुए न देख पाने का खौफ है।

### चीन: स्कूल में जिम की छत गिरने से वॉलीबॉल टीम की 11 लड़कियों की मौत

बीजिंग। चीन के उत्तर-पूर्वी इलाके में सोमवार को एक स्कूल में जिम की छत गिरने से लड़कियों की वॉलीबॉल टीम की 11 सदस्यों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि पीड़ितों में से कई बच्चे हैं। इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्टों के अनुसार परेशान माता-पिता अपडेट पाने के लिए नजदीकी अस्पताल में जमा हो गए हैं। हेइलोंगजियांग के औद्योगिक प्रांत में जिम के अंदर मौजूद 19 लोगों में से केवल आठ ही जीवित बचे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पेर्लाइट, ज्वालामुखीय कांच का एक रूप, बारिश के पानी को सोखने के लिए छत पर अवैध रूप से ढेर कर दिया गया था, जो स्थानीय समयानुसार 15: 00 बजे ढह गया। चाइना नेशनल रेडियो की रिपोर्ट के अनुसार जब बचाव दल क्यूकिहार शहर में मलबे से बाहर निकल रहे थे तो मिडिल स्कूल की लड़कियों की वॉलीबॉल टीम के कोच को छात्रों के नाम पुकारते हुए सुना गया। एक व्यक्ति ने एक वीडियो में कहा, जिसे सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है,उन्होंने मुझे बताया कि मेरी बेटी चली गई है लेकिन हम कभी बच्चे को नहीं देख पाए।

### मंगोलिया में मूसलाधार बारिश से बाढ़ ने बढ़ायी लोगों की परेशानी



उलान बटोर। मंगोलिया में मूसलाधार बारिश से अचानक आयी बाढ़ से राजधानी उलान बटोर सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां सार्वजनिक और निजी इमारतों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि उलानबटोर में सैकड़ों आवासीय भवनों के बेसमेंट सहित पहली मंजिलें जलमग्न हो गईं। शहर के कई स्थानों की सड़कें जलमग्न हो गईं। एजेंसी ने बताया कि रविवार को भारी वर्षा के दौरान उलानबटोर शहर में एक महिला तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एजेंसी के अनुसार मंगोलियाई राजधानी में शनिवार से मूसलाधार बारिश जारी है। शहर और उसके आसपास की प्रमुख नदियों जैसे तुउल और सेल्बे का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। यहां आने वाले दिनों में और अधिक बारिश होने के आसार हैं।

# इमरान को कत्ल के केस में भी राहत

**सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर- 9 अगस्त तक गिरफ्तार न करें, कोर्ट में खान पर बोतल फेंकी**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट से हर केस में राहत मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को हत्या के एक मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। यह मामला क्वेटा के वकील अब्दुल रज्जाक के कत्ल से जुड़ा है। रज्जाक की पिछले महीने हत्या की गई थी। वो इमरान के खिलाफ एक अहम मामले में पैरवी कर रहे थे।

रज्जाक के परिवार ने इमरान के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इस मामले में खान को निचली अदालत में पेश होकर बेल हासिल करनी थी, लेकिन वो सीधे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और उन्हें 27वें केस में भी बेल मिल गई।



कोर्ट में पेश होते वक्त इमरान पर प्लास्टिक की बोतल भी फेंकी गई। हालांकि, इससे उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ।

### सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ

वकील की हत्या के मामले में सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की बेंच ने की। सुनवाई जैसे ही शुरू हुई तो मारे गए वकील अब्दुल रज्जाक के परिवार के वकील ने इमरान खान पर कत्ल की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की।

रज्जाक के परिवार के वकील ने कहा- अब्दुल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (क्क्रञ्ज्ढ) के चीफ इमरान खान के खिलाफ एक पिटीशन दायर कर चुके थे। इसके बाद से उन्हें इस पार्टी की तरफ से लगातार धमकियां दी जा रहीं थीं।

अब्दुल ने पुलिस प्रोटेक्शन भी मांगा था, लेकिन यह उन्हें नहीं दिया गया। इसके बाद एक दिन जब वो कोर्ट से लौट रहे थे, तब उन पर काफी करीब से फायरिंग की गई। इसमें उनकी मौत हो गई।

### कैलीफोर्निया की अंतरिक्ष कंपनी ने 22 स्टारलिंक उपग्रहों को किया स्थापित

सैक्रामेण्टो। अमेरिका में कैलीफोर्निया की अंतरिक्ष कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेसएक्स के फाल्कन 9 वाहक रॉकेट ने 22 स्टारलिंक उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किये। कंपनी ने ट्वीट किया,फाल्कन 9 ने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन एसएलसी-40 से 22 स्टारलिंक उपग्रह लॉन्च किए। कंपनी ने बताया, सभी उपग्रहों की तैनाती की पुष्टि की गई है। इससे पहले, लॉन्च में दो बार देरी हो चुकी है, क्योंकि 19 जुलाई को, एक अज्ञात तकनीकी समस्या आ गयी थी और रविवार को खराब मौसम के कारण प्रक्षेपण रद्द कर दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### बिजली विभाग व बिजलेंस टीम की संयुक्त टीम की ताबडतोड छापेमारी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

**सादुल्लानगर / बलरामपुर।** बिजली चोरी करने वालो की अब खैर नही बिजली विभाग व बिजलेंस टीम की संयुक्त टीम की ताबडतोड छापेमारी , लोबोल्टेज ,बार बार ट्रिपिंग , ओवरलोड व बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए अचलपुर चौधरी फीडर के क्षेत्र मे विद्युत विभाग व बिंजलेंस टीम की संयुक्त टीम ने ताबडतोड छापेमारी की जा रही है। एस डी ओ विद्युत रेहराबाजार आर के यादव ने बताया कि बिजलेंस व बिजली विभाग के संयुक्त छापेमारी मे आज 06 में अनियमता मिली सम्वन्धित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।, एस डी ओ ने बताया कि यदि अधिक उपभोग की आवश्यकता हो तो तुरंत लोड बढवा ले खराब मीटर बदलवा दें कनेक्सन न हो तो तुरंत ले लें। बिजली की चोरी कदापि न करें इससे सम्मानित उपभोक्ताओ को सुचारूरूप से बिद्युत सप्लाई नही हो पाता जिससे उपफोक्ताओ मे भारी आक्रोश है उन्होने सभी से विद्युत विभाग के निर्वाध ,व मानक के अनुसार आपूर्ति करने मे सहयोग की अपील की है। कार्यवाही के दौरान बिजलेंस के जेई सुनील कुमार ,जेई बिद्युत बृजनंदन , पुलिस अधिकारी बाबूराम यादव सहित टीम मौजूद रही।

### गांव मे थी पढ़ाई की समस्या, तो कुछ युवाओं ने मिल बना दिया डिजिटल क्लास



सोनभद्र। समाज के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति की व्यक्ति को खास बनाती है, स्वयं के लाभ हेतु तो सारी दुनिया जी रही है। इसी बात को चरितार्थ किया है विकास खण्ड चोपन के शिल्पी ग्राम के युवाओं ने। शिल्पी ग्राम के नौकरी करने वाले युवाओं ने गाँव की शिक्षा को डिजिटल बनाने का बेड़ा उठाया और मिलकर खुद के पैसों से गाँव मे डिजिटल क्लास की व्यवस्था उपलब्ध करवा दी जिससे गाँव के बच्चे भी स्मार्ट पढ़ाई में पीछे न छूट जांए। उसी डिजिटल क्लास का शुभारंभ गाँव के सदस्य एवं वर्तमान समय के चुनार में कार्यरत अधिशासी अधिकारी राजपति सिंह ने किया। गाँव मे डिजिटल क्लास शुरू होने से जहा गाँव के बच्चो मे खुशी की लहर देखी गयी, वही पूरे क्षेत्र में युवाओं के इस पहल की चर्चा जोरों पर है। ग्रामवासियों के इस पहल पर ग्राम प्रधान बबुन्दर , छत्रपति सिंह व गाँव के सभी व्यक्तियों ने बधाई देते हुए भूरि-भूरि सराहना की।

### दो नाबालिग बच्चों को मिला सहारा, बच्चे कर रहे थे मोची का काम



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज का बढौली चौराहा जहाँ चौदह वर्ष आयु का नाबालिग बालक अपने तीन बर्ष की बहन को अपने साथ लेकर मोची का काम कर रहा है, इसकी सूचना सूत्रों के हवाले से मिली महकमे को। जानकारों के खबर के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और माता की मृत्यु हो गयी है। दादा ही किसी कदर भरण-पोषण कर रहे थे लेकिन दादा की भी मृत्यु हो गयी और बच्चे लावारिस हालात में गुजर कर रहे हैं।इस व्यथित व मर्मस्पर्शी समाचार को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, रोमी पाठक सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय , ओ॰ आर॰ डब्ल्यू॰ शेषमणि दुबे की संयुक्त टीम गठित कर त्वरित तौर पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने को निर्देशित किया। टीम - दस्ता तुरन्त पहुंचा मौके पर समीचीन जानकारी पुख्ता हुई। दोनों नाबालिग बच्चों को अपने अभिरक्षा में लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अमलीजामा देते बच्चों को संस्था मे आवासित करवा दिया गया क्रियान्वयन के साथ। शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि बच्चों की काउन्सलिग व जाँचोपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### रामनवमी हिंसा: पश्चिम बंगाल सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने रामनवमी पर हुई हिंसक घटनाओं से संबंधित छह प्राथमिकी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की विशेष अनुमति याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से केंद्र सरकार की अधिसूचना को चुनौती नहीं दी गई है। इसलिए हम राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार ने एनआईए जांच का निर्देश देने के लिए अधिसूचना जारी की है, जिसे राज्य सरकार ने चुनौती नहीं दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुवेंदु अधिकारी की ओर से दायर याचिका पर इस साल हावड़ा और अन्य स्थानों पर रामनवमी के दौरान हुई हिंसा के मामले में छह प्राथमिकियों को एनआईए को स्थानांतरित करने का आदेश 27 अप्रैल 2023 को दिया था। पीठ ने कहा कि राज्य पुलिस द्वारा छह प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। ये प्राथमिकी 30 मार्च से अप्रैल 2023 के पहले सप्ताह के दौरान दर्ज की गईं। एनआईए द्वारा की जाने वाली जांच की सटीक रूपरेखा का इस स्तर पर अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

### मणिपुर पर संसद में ईमानदारी से चर्चा कराए सरकार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार मणिपुर संकट को लेकर गंभीर नहीं है और इस मामले में वह संसद में चर्चा कराने तथा जवाब देने से बच रही है। पार्टी ने कहा कि यदि सरकार सचमुच में इस मुद्दे को लेकर गंभीर है तो उसे ईमानदारी से इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा करानी चाहिए। राज्यसभा में कांग्रेस के सचेतक शक्तिसिंह गोहिल तथा लोकसभा में पार्टी सचेतक गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार जिन नियमों के तहत इन मुद्दोंपर चर्चा कराना चाहती है मणिपुर जैसे संकट पर चर्चा के लिए यह ठीक नहीं है। इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा की जरूरत है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में संसद के दोनों सदनों में जवाब देना चाहिए। गोहिल ने कहा कि नियम 267 के तहत राज्यसभा में बडी चर्चा होती है और नियम 167 के तहत छोटी चर्चा होती है। बड़ी चर्चा पर जरूरत पड़ने पर वोटिंग हो सकती है और इसमें लम्बी चर्चा की जा सकती हे इसलिए विपक्ष इस नियम के तहत चर्चा की मांग कर रहा है लेकिन सरकार इसे 176 के तहत चर्चा कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इस मुद्दे राजनीति की है और मणिपुर को नजरअंदाज करती रही है इसलिए यह मामला ज्यादा गंभीर हो गया तो उच्चतम न्यायालय को इस मामले में केंद्र सरकार को फटकार लगानी पड़ी जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर इस बारे में संक्षिप्त बयान दिया है।

# रेवेन्यू सरप्लस वाला प्रदेश हो गया है यूपी, यहां पैसे की कोई कमी नहीं : मुख्यमंत्री

## वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री ने मेयर और पार्षदों संग की बैठक

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक के दौरान उन्हें जनता की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित कराए जाने के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 837 करोड़ का बजट है। उन्होंने कहा कि वाराणसी नगर निगम में जनता द्वारा पहली बार इतना बड़ा बहुमत दिया गया है। बनारस के इतिहास में विगत 9 वर्षों में विकास की एक नई गाथा लिखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्व के सबसे पुराने नगरी काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि महानगर के विकास के लिए आप लोग नींव के पत्थर हैं। उन्होंने बताया कि 2016-17 में उत्तर प्रदेश सरकार का बजट 3 लाख करोड़ का रहा, जो वर्तमान में बढ़कर 7 लाख करोड़ का हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस वाला प्रदेश हो गया है, यहां पैसे की कोई कमी नहीं है।



### स्वच्छता के द्वारा ही नगर निगम की ब्रांडिंग होगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि शहर की स्वच्छता एवं नगर निगम का बांड जारी किया जाना। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के द्वारा ही नगर निगम की ब्रांडिंग होगी। टेलीकॉम क्षेत्र में आए क्रांतिकारी बदलाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रिफॉर्म से मार्केट बढ़ता है तथा विकास की नई गाथा लिखी जाती है। उन्होंने महानगर क्षेत्र में पुरानी जर्जर दुकानों की जगह नए कॉम्प्लेक्स बनाए जाने पर विशेष जोर दिया। हाउसिंग के क्षेत्र में भी उन्होंने बदलाव किए जाने पर जोर दिया, जिससे मलिन बस्तियों में रह रहे लोगों के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाया जा सके।

### नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाएं

उन्होंने निजी क्षेत्रों की भागीदारी पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अन्य सेक्टरों को भी चिह्नित किए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि इसे भी पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाए जाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नगर निगम के चालू वित्तीय वर्ष में 837 करोड़ के बजट को बढ़ाकर 2500 करोड़ किए जाने पर विशेष जोर दिया।

इसके लिए संभावनाओं को तलाश कर उसे इम्प्लीमेंट किये जाने पर जोर दिया।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 2016-17 में एक्ससाइज से 12 हजार करोड़ की एक्साइज ड्यूटी मिलती थी, जो वर्तमान में बढ़कर 52 हजार करोड़ हो चुकी है।

### पार्षदगण नागरिकों के साथ बैठें, उनकी समस्याओं को सुनें

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि पार्षदगण नागरिकों के साथ बैठे, उनकी समस्याओं को सुने और स्वच्छता रैली भी निकालें।

उन्होंने नगर को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त किये जाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्लास्टिक एवं उसके उत्पादों को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। इसमें जन जागरूकता के साथ ही आवश्यकतानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने का उन्होंने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरों में सड़कों एवं गलियों की नियमित सफाई के दौरान मौके से कूड़े का उठान तत्काल सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। खाली पड़े प्लाटों में कूड़े की डंपिंग न होने पाए। साथ ही खाली पड़े प्लाटों की सफाई भी सुनिश्चित कराई जाए।

### शहर के विकास के लिए नवीन तकनीकी का इस्तेमाल किया जाए

मुख्यमंत्री ने आगामी 100 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम सदन के भवन को मल्टीपरपज बनाए जाने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप जोर देते हुए कहा कि शहर के विकास के लिए नवीन तकनीकी का इस्तेमाल किया जाए। हेरिटेज पोलों में विद्युत प्रवाह कतई न होने पाए, इसके लिए प्रभावी कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए।

# विंध्यमण्डल में शैव साधना के प्रमुख केन्द्र शिवद्वार में उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब

**सोनभद्र।** द्वितीयकाशी - दक्षिणकाशी के नामों से अभिधानित शिवशक्ति के द्वार शिवद्वार में श्रावण मास के तृतीय सोमवार को बड़ी तादाद में कांवड़ियों ने किया भगवान भोले का जलाभिषेक। किया गया।शिवद्वार में अनुमानित संख्या रही तकरीबन 75 हजार जिसमें शिवभक्त कांवड़ियों व दर्शनार्थियों शिव का किया जलाभिषेक एवम दर्शन पूजन प्रक्रिया समाहित रही।

इसके पूर्व शुक्रवार व शनिवार को बड़ी संख्या में घोरावल और आस पास के इलाकों एवम मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों कांवड़िए भगवा बाना धारण किए मिर्ज़ापुर के बरियाघाट से पतितपावानी जाह्नवी गंगा से जल लिए रवाना हुए थे। बहुत से कांवड़िए शनिवार शाम को तो अधिकांश कांवड़िए रविवार को तड़के कांवड़ में पवित्र गंगाजल भरकर बोल बम का जयघोष करते अपने परम प्रिय भगवान शिव को हृदय में धारण कर उनके जलाभिषेक व दर्शन हेतु शिवद्वार की ओर चल पड़े। रविवार शाम तक घोरावल और आस पास का इलाका शिवभक्त कांवड़ियों से पट गया और देर शाम तक सड़कों पर कांवड़ियों का तांता लगा रहा। इलाके के स्कूल - कालेज , धर्मशाला - मंदिर व तालाबों समेत तमाम सार्वजनिक स्थानों पर कांवड़िए प्रवास कर सोमवार की प्रतीक्षा करने लगे।मिर्ज़ापुर से लेकर शिवद्वार तक हर तरफ बोल बम बोल बम करते हुए कांवड़ियों का हुजूम उमड़ पड़ा। उधर रविवार रात और सोमवार सुबह बिजली आपूर्ति की दुर्व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओ में आक्रोश रहा।सीओ अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंजनि कुमार राय के नेतृत्व में आधे दर्जन थाने की फोर्स महिला पुलिस पीएसी व्यवस्था में लगें रहे। सोमवार को तड़के साढ़े तीन बजे मुख्य पुजारी सुरेश गिरि द्वारा भगवान शिवशंकर एवम माता भगवती की प्रतिमा के श्रृंगार व आरती के बाद मंदिर के कपाट खोल दिए गए और इसके बाद जलाभिषेक प्रारंभ हो गया और कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जोशी के नेतृत्व में राजस्थान के भाजपा सांसदों का दिल्ली में विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी के नेतृत्व में आज राज्य में बढ़ते महिला अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश के भाजपा सांसदों ने सोमवार को संसद भवन परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जोशी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजस्थान में मीरा, पन्ना, कालीबाई और अमृता देवी जैसी महान नारियों का गौरवशाली इतिहास रहा है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि लेकिन प्रदेश की गहलोत सरकार ने पिछले साढे चार सालों में सिर्फ राजस्थान को कलंकित करने वाले ही काम किए है।

राजस्थान में चाहे करौली हो, बालोतरा हो, खाजूवाला हो हर जगह महिलाओं बच्चियों के साथ दुष्कर्म कर उनकी हत्या, जलाने और कुएं में फेंकने जैसी हृदय विदारक घटनाएं हो रही है। लगातार बढ़ती इस प्रकार की घटनाओं के कारण राजस्थान दुष्कर्म के मामलों में देश में नम्बर वन पर पहुंच गया है।

उन्होंने कहा प्रदेश में दलित महिला का पति के सामने सामूहिक दुष्कर्म कर उसका वीडियो वायरल कर दिया जाता है लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण मामले को दबाए रखा गया, बाद में धरने और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा थाने पर प्रदर्शन करने के बाद केस दर्ज किया जाता है।

जब प्रियंका गांधी रणथम्भौर घुमने आई, तब वहां पर मूक बधिर बच्ची के साथ गैंगरेप करके उसे चौराहे पर फेंक दिया गया लेकिन कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के जन्मदिन में कोई खलल ना पडे इसलिए राजस्थान सरकार ने इसे घटना करार दिया।

# सावन के तीसरे सोमवार पर भी शिवभक्तों पर योगी सरकार ने कराई पुष्पवर्षा

लखनऊ। सावन में प्रदेश में शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा का क्रम तीसरे सोमवार को भी जारी रहा। सावन के पिछले दो सोमवार को जहां काशी, मेरठ और सहारनपुर में पुष्पवर्षा की गई वहीं तीसरे सोमवार को रामनगर, बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में हेलीकॉप्टर द्वारा कांवरियों पर पुष्प वर्षा की गई। इसके अलावा अयोध्या में भी सरयूतट पर शिवभक्तों पर योगी सरकार ने पुष्पवर्षा कराई है।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले 6 साल से प्रदेश में शिवभक्तों का बिल्कुल खास तरीके से सम्मान किया जा रहा है। सरकार की ओर से ना सिर्फ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जा रही है, बल्कि उनकी सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मेरठ-दिल्ली हाईवे पर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर चुके हैं, जिसके बाद से ही प्रदेश में शिवभक्तों का उत्साह देखने लायक है।



वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी जगह जगह शिवभक्तों का सम्मान कर रहे हैं। प्रदेश के सभी बड़े शिवालयों में कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में मौजूद एकमात्र ज्योतिर्लिंग मंदिर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधाओं की मॉनीटरिंग खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने किया जिला मेमोरियल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

### किसी अस्पताल के कर्मचारी द्वारा मरीज या तामीरदार से अवैध वसूली पाए जाने पर होगी कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा जिला मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों एवं तामीरदारो से वार्ता की एवं मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया। निरीक्षण के समय सीएमएस से अनुपस्थित पाए गए, बताया गया कि वह कोर्ट केस के सिलसिले में अन्य जिले में गए हैं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पर्चा काउंटर, प्लास्टर रूम, ऑपरेशन थिएटर,जिला होम्योपैथिक कार्यालय, इमरजेंसी कक्ष, एनआरसी वार्ड, जनरल वार्ड, पैथोलॉजी कक्ष,जेरीपैट्रिक वार्ड आदि का निरीक्षण किया।

पर्चा काउंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्चा बनाने की व्यवस्था और सुदृण किए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल के अच्छे कर्मचारी लगाए जाए, जो कि मरीजों को कहा जाना है इसकी जानकारी प्रदान करें, जिससे कि मरीजों को इधर-उधर भड़कना ना पड़े।



चिकित्सकों को समय से ओपीडी में बैठने एवं मरीजों को अच्छी तरह से देखते हुए बेहतर इलाज प्रदान किए जाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान 12 बेड का कोविड वार्ड जो की तैयार है,लेकिन संचालित नहीं पाया गया, जिलाधिकारी द्वारा तत्काल हैंड ओवर लेते हुए पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में निर्बाध विद्युत के लिए बने बिजलीघर के संचालित ना पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कार्यदाई संस्था पैक्सफेड को नोटिस देते हुए तत्काल संचालन सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। एनआरसी वार्ड के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कुपोषित बच्चे जोकि गंभीर रोगों से ग्रस्त हैं उनका इलाज केजीएमयू में किए जाने को आबद्ध किया गया है, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंभीर रोग से ग्रसित कुपोषित बच्चों को केजीएमयू भेजना सुनिश्चित करते हुए उसका फॉलोअप किया जाए।

जिला मेमोरियल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड एवं डिजिटल एक्सरे की व्यवस्था नहीं पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा उनके स्तर से शासन में पत्र लिखवाया जाने का निर्देश दिया। जनरल वार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड में कूलर एवं एकजोर्ट की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं अस्पताल में अवांछनीय तत्वों के प्रवेश को रोके जाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

# मोदी प्रगति मैदान में विकसित भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र को बुधवार को करेंगे राष्ट्र को समर्पित

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 26 जुलाई को राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-एवं-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

भारत की अध्यक्षता में जी20 की शिखर बैठक का सितंबर में आयोजन इसी परिसर में होने वाला है। सरकार ने इस परिसर की भव्यता प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो भी आज जारी किया है। यह परिसर देश में बड़ी बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में मोदी सरकार की सोच का परिणाम बताया गया है। विज्ञप्ति के मुताबिक यह देश में अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी परिसर है। इसे 2700 करोड़ रुपये की लागत से एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में विकसित किया गया है। इसमें प्रगति मैदान में सम्मेलन एवं प्रदर्शनी की पुरानी सुविधाओं को नया रूप दिया गया है और वहां एक नव निर्माण किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार लगभग 123 एकड़ क्षेत्र के साथ प्रगति मैदान का आईईसीसी परिसर भारत में इस तरह की सबसे बड़ी सुविधा है बतायी गयी है और इसकी गणना दुनिया के शीर्ष प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में होगी। इस परिसर में सम्मेलन केंद्र, प्रदर्शनी हॉल, खुले रंगमंच जैसी कई अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गयी हैं। यह परिसर नए रूप में विकसित किए जा रहे प्रगति मैदान परिसर का केंद्रबिंदु है। इसके भव्य बहुउद्देश्यीय कक्ष और महाधिवेशन कक्ष की संयुक्त क्षमता सात हजार लोगों की है, जो ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध सिडनी ओपेरा हाउस की बैठने की क्षमता से भी बड़ी है। इसका शानदार एम्फीथिएटर 3,000 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता से सुसज्जित है। सम्मेलन केंद्र का वास्तुशिल्प भारतीय परंपराओं से प्रेरित है और आधुनिक सुविधाओं और जीवन शैली को अपनाने के साथ-साथ अपने अतीत में भारत के आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास को भी दर्शाता है।



इमारत का आकार शंख (शंख) से लिया गया है। इसकी दीवारें और अग्रभाग भारत की पारंपरिक कला और संस्कृति के कई तत्वों की झांकी प्रस्तुत करते हैं। इसमें %सौर शक्ति%, सौर ऊर्जा के दोहन में भारत के प्रयास, दुनिया को 'शून्य' की भारत की देन, अंतरिक्ष विज्ञान में देश की प्रगति, तथा सृष्टि के निर्माण में आधारभूत पंच महाभूत खंडों - आकाश, वायु , अग्नि , जल और पृथ्वी की अवधारणा को दर्शाया गया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों की विभिन्न पेंटिंग और जनजातीय कला रूप कन्वेंशन सेंटर की शोभा बढ़ाते हैं। कन्वेंशन सेंटर को इस तरह के परिसरों के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं को उनके अत्याधुनिक रूप के साथ सम्पन्न किया गया है। इनमें 5जी-सक्षम वाई-फाई , 10जी इंट्रानेट कनेक्टिविटी, 16 विभिन्न भाषाओं का समर्थन करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित दुभाषिया कक्ष, एकीकृत निगरानी प्रणाली और ऊर्जा-कुशल केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग प्रणाली शामिल हैं।

# अनुशासन के लिए कठोर कदम अनिवार्य

नयी दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उपभोक्ताओं तथा उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों से आर्थिक राष्ट्रवाद अपनाने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि अनुशासन बनाए रखने के लिए कभी-कभी कठोर कदम उठाना अपरिहार्य हो जाता है। उपराष्ट्रपति ने यहां भारतीय वन सेवा के 54वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी कभी अनुशासन बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाना अपरिहार्य हो जाता है अन्यथा लोकतंत्र के मंदिरों की प्रतिष्ठा का क्षय होने लगेगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में उनका यही प्रयास रहा है कि लोकतंत्र के मंदिरों में अनुशासन रहे। उन्होंने कहा कि अनुशासन के बिना विकास संभव ही नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार के हाल के कदमों से बिचौलिए समाप्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अब जब कानून अपना काम कर रहा है तो भ्रष्टाचार में फंसे लोगों पर आंच आ रही है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए सड़क पर प्रदर्शन किये जाने को उचित नहीं ठहराया जा सकता है और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को कानून की गिरफ्त से छूट नहीं दी जा सकती है।

# जी20: आपदा प्रबंधन में अंतरराष्ट्रीय तालमेल की जरूरत पर भारत का बल

नयी दिल्ली/चेन्नई। भारत ने चेन्नई में सोमवार को आपदा प्रबंधन विषय से जुड़ी जी20 की बैठक में चक्रवाती तूफान, दावानल और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में खंडित प्रयासों की जगह राष्ट्रीय और वैश्विक प्रयासों में तालमेल की आवश्यकता तथा प्रभाव कम करने के लिए वित्तीय सहयोग के नए तरीके निकालने पर जोर दिया।

भारत ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय प्रबंध की अपनी नीति में आमूलचूल बदलाव की भी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने जी20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की तीसरी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित आपदाओं के प्रभाव बहुत बड़े और प्रकृति में परस्पर जुड़े हुए हैं और ये प्रभाव हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों और पूरी धरती पर सभी को प्रभावित करने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए 'जी20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह के महत्व को रेखांकित किया।'इसी संदर्भ में उन्होंने पूरे उत्तरी गोलार्ध में भीषण गर्मी और लू, कनाडा में जंगल की आग से उत्तरी अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में धुंध और भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर प्रमुख चक्रवाती तूफान का उदाहरण दिया।

मिश्रा ने कहा कि दुनिया के सामने जिस तरह बड़े पैमाने की समस्याएं उभर रही हैं उसी तरह उनका सामाना करने के लिए हमारी महत्वाकांक्षाओं का भी मेल होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस मामले में धीमी प्रगति का समय अब बीत चुका है, अब जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक प्रणालियों के कायाकल्प करने का समय है। उन्होंने इसी संदर्भ में सामूहिक प्रयासों का प्रभाव को यथा संभव बढ़ाने के लिए आपातकालीन राष्ट्रीय और वैश्विक प्रयासों तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया।